

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 124ज | ग्वालियर,14 जनवरी रविवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## नए मुख्यमंत्री के राज में लाडली बहनाओ की संख्या हुई कम? रिजेक्ट हुए फॉर्म, नहीं आए पैसे



एमपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने आधी आबादी पर फोकस किया था. पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मार्च महीने में लाडली बहना योजना की घोषणा की थी. इस योजना के तहत जून 2023 से लाडली बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपये आने की शुरुआत भी हो गई थी. तीन महीने बाद लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपये आना भी शुरु हो गए थे. अब नई सरकार का गठन हो गया है. प्रदेश की कमान डॉ. मोहन यादव के हाथों में है. जनवरी महीने की 10 तारीख को सीएम डॉ. मोहन यादव ने ही लाडली बहनों के खाते में राशि डाली है, लेकिन विडम्बना यह है कि इस बार दो लाख से अधिक महिलाएं लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित रह गई है. लाडली बहनों की घटी संख्या को लेकर बीजेपी का तर्क है कि पौने दो लाख महिलाएं 60 साल की उम्र से अधिक हो गई हैं, इसलिए अब वो योजना की पात्र नहीं हैं. इसे लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर है.

**महिलाओं को नहीं मिली लाडली बहना योजना की राशि**-वहीं एबीपी न्यूज संवाददाता ने योजना की पड़ताल की तो पाया कि 60 साल से कम उम्र की महिलाओं को भी इस योजना के तहत राशि नहीं मिली है. महिलाएं मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भषण पोषण कर रही हैं. एबीपी संवाददाता नितिन ठाकुर को महिलाओं ने बताया कि उन्होंने लाडली बहना योजना के लिए फॉर्म भरा था, लेकिन उनका फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया.लाडली बहना योजना की राशि उनके खाते में नहीं आई है. बता दें शिवराज सरकार में 1 करोड़ 31 लाख लाडली बहनों को योजना का लाभ दिया जा रहा था, लेकिन डॉ. मोहन यादव की सरकार में 1 करोड़ 29 लाख लाडली बहनों को ही योजना का लाभ दिया गया.

**बीजेपी ने दिया ये तर्क**-लाडली बहना योजना में घटी महिलाओं की संख्या के पीछे बीजेपी ने तर्क दिया है. बीजेपी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस को जवाब देते हुए हिसाब दिया. उन्होंने कहा कि सितंबर 2023 से जनवरी 2024 तक लाडली बहनों की संख्या में जो 1 लाख 75 हजार 347 का अंतर आया है, उसके अलग-अलग कारण हैं. इसमें मृत्यु के कारण 154 बहनें कम हुई,

## उज्जैन में मोहन यादव सरकार कैबिनेट बैठक, हो सकते हैं ये अहम फैसले जरूरी या सियासी मजबूरी?

मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार की कैबिनेट की तीसरी बैठक धार्मिक नगरी उज्जैन में हो सकती है. इसे लेकर तैयारियां शुरू हो गई है. उज्जैन में प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार विजिट किया जा रहा है. इसके अलावा बैठक में होने वाले महत्वपूर्ण फैसलों को लेकर एजेंडा भी तैयार हो रहा है.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शपथ ग्रहण करने के बाद यह ऐलान किया था कि मध्य प्रदेश के सभी शहरों में कैबिनेट की बैठक की जाएगी. इसके अलावा धार्मिक स्थलों के विकास को लेकर महत्वपूर्ण फैसला भी लिए जाएंगे. इसी क्रम में मकर संक्रांति के पर्व पर धार्मिक नगरी उज्जैन में कैबिनेट की बैठक का आयोजन किया जा सकता है. इसे लेकर अभी से तैयारी शुरू हो गई है. बता दें कि कमलनाथ सरकार ने भी उज्जैन में कैबिनेट की बैठक आयोजित की थी. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिसंबर माह में ही उज्जैन में कैबिनेट बैठक को लेकर संकेत दे



दिए थे. इससे पहले भोपाल और जबलपुर में कैबिनेट की बैठक हो चुकी है. विधायक अनिल जैन के मुताबिक मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उज्जैन में कैबिनेट की बैठक को लेकर पहले ही संकेत दे दिए थे. अभी तैयारी का दौर भी चल रहा है.

**इन बिंदुओं पर सौगात मिलने की उम्मीद**-उज्जैन में अगर कैबिनेट की बैठक होती है तो यहां से पूरे संभाग को कई बड़ी सौगात मिल सकती है. इनमें शिप्रा शुद्धिकरण को लेकर स्थाई प्लान, महाकालेश्वर मंदिर का मास्टर प्लान, सिंहस्थ की तैयारी, सिंहस्थ को देखते हुए आवश्यक ब्रिज और इनर तथा आउटर रिंग रोड, सिंहस्थ क्षेत्र को स्थाई रूप से बचाने जैसे महत्वपूर्ण फैसला हो सकते हैं. इसके अलावा मेडिकल कॉलेज को लेकर भी बड़ा फैसला होने की उम्मीद है.

**ओरछा और मैहर में भी होगी कैबिनेट की बैठक**-धार्मिक नगरी उज्जैन नहीं बल्कि ओरछा और मैहर में भी डॉक्टर मोहन यादव कैबिनेट की बैठक होगी. मकर संक्रांति के पर्व पर उज्जैन में बैठक का आयोजन हो सकता है. इसके बाद अगली बैठक उक्त स्थान पर होने की संभावना है.

## एक नजर

### लापरवाही बरतने पर इंदौर कलेक्टर का एक्शन, 2 तहसीलदार समेत 7 को थमाया नोटिस



मध्य प्रदेश में मोहन यादव की अगुवाई वाली बीजेपी की सरकार ने हाल ही में कई जिलों के कलेक्टरों के तबादले किए गए. इसी क्रम में भोपाल से आईएएस आशीष सिंह का ट्रांसफर कर इंदौर का नया कलेक्टर बनाया गया है. इंदौर के कलेक्टर रहे डॉक्टर इलैयाराजा टी. को राजधानी भोपाल भेज दिया गया है. इंदौर में कलेक्टर का चार्ज संभालते ही आशीष सिंह एक्शन मोड में हैं. जमीनी स्तर पर आते ही उन्होंने जिले के सभी क्रमचारियों पर कसावट शुरू कर दी थी. वहीं अब आशीष सिंह अपने कलेक्टर ऑफिस के कर्मचारियों और अधिकारियों पर नकेल कसने में लगे हैं.दरअसल, इंदौर कलेक्टर कार्यालय में कर्मचारियों द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है. आम आदमी का काम बहुत देरी से हो रहा है, लोग इसकी शिकायत भी लगातार जिला कलेक्टर से कर रहे थे. इन शिकायतों के बाद जिला कलेक्टर ने आनन फानन में पूरे कार्यालय परिसर का दौरा किया. इस दौरान उन्हों सभी विभागों के कार्यालय, अधिकारियों की केबिन और संबंधित अधिकारियों की खबर लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी. कलेक्टर ने धड़ाधड़ कार्रवाई करते हुए कई अधिकारियों को नोटिस थमा दिये, जबकि कुछ पर जांच बैठा दी.

**आशीष सिंह के कलेक्टर परिसर के दौरे से मचा हड़कंप**-मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पद संभालने के बाद आदेश दिया था कि आम आदमी को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी सरकारी काम समय पर होने चाहिए. उनके इस आदेश का असर दिखने लगा. मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इंदौर कलेक्टर एक्शन में दिखाई दे रहे हैं. आशीष सिंह ने चार्ज संभालने के कुछ ही दिनों बाद इंदौर कलेक्टर का तूफानी दौरा करते नजर आए. इस दौरान उन्होंने तमाम अधिकारियों और कर्मचारी की निगरानी की और देखा कि कौन कितने बजे आ रहा है और क्या काम कर रहा है. संबंधित कर्मचारियों को जो जिम्मेदारी दी गई, वह उसको करने में कोई लापरवाही नहीं कर रहे हैं, इस पर इंदौर जिला कलेक्टर ने नजर बनाए रखी. कलेक्टर आशीष सिंह के सामने कई लापरवाई के मामले आए, इस पर उन्होंने कार्रवाई करते हुए संबंधितों को नोटिस थमा दिया या जांच बैठा दी है.

**इन अधिकारियों, कर्मचारियों पर हुई कार्रवाई**-कलेक्टर ने प्रशासनिक संकुल में अलग-अलग तहसीलों का दौरा किया. इस दौरान कार्य में लापरवाही मिलने पर तहसीलदार भिचौली हप्सी अंकिता वाजपेई, तहसीलदार मल्हारगंज ओमप्रकाश मनाग्रे, प्रवाचक पूनम चौहान, जितेंद्र चौधरी,अनिता अंगारे व श्रृद्धा शर्मा को शो कॉज नोटिस जारी किया. वही नायब तहसीलदार मल्हारगंज धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं. आपको बता दें कि नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह को गुरुवार (11 जनवरी) ही मल्हारगंज तहसीलदार से हटाकर भू अभिलेख में भेज दिया गया, उनकी जगह जितेंद्र वर्मा को नायब तहसीलदार बनाया है.

**लापरवाही बरतने पर नायाब तहसीलदार पर गिरी गाज**-इस मौके पर कलेक्टर आशीष सिंह ने निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ प्रकरण काफी समय से लंबित है, उन पर पेशी नहीं कराई गई है. दायित्वों के निर्वहन में इस तरह के लापरवाही बरतने पर मल्हारगंज तहसीलदार, नायब तहसीलदार और भिचौली हप्सी न्यायालय के रीडर, मलारगंज तहसीलदार औक नायब तहसीलदार न्यायालय के रीडर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मल्हारगंज तहसील के पूर्व नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान ने एक आवेदक का प्रकरण 6 महीने से अधिक समय से लंबित रखा था. प्रकरण पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी और दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पाई. मामले में कलेक्टर ने पूर्व नायब तहसीलदार पर विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश दिए हैं.

**जिला कलेक्टर ने दिए ये आदेश**-मीडिया से चर्चा में कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि आम जनता की समस्याएं समयबद्ध तरीके से हल किया जाए यह हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है. उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि ÷आवेदकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़े, अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए और लगातार पेशी की जाए. जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ÷जो भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित हैं, उन पर तुरंत सुनवाई की जाए. जनता की समस्याओं का त्वरित रूप से निराकरण हो यह सभी राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें.÷

## अयोध्या पहुंचने के लिए चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें, श्रद्धालुओं के लिए क्या है रेलवे का मेगा प्लानड़



अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर के शिलान्यास और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए इंडियन रेलवे भी विशेष व्यवस्थाएं करेगा. रेल प्रशासन इसके लिए देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं को अयोध्या पहुंचाने के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है. रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जय वर्मा सिन्हा का कहना है कि इसका प्लान जल्द शेयर किया जाएगा.यहां बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का शिलान्यास और रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने जा रहे हैं. इस ऐतिहासिक धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है. श्रद्धालुओं को अयोध्या लाने और वापस ले जाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी रेलवे की होगी. इसके लिए रेलवे द्वारा बड़े पैमाने पर स्पेशल ट्रेन चलाई की जानकारी मिल रही है.रेलवे बोर्ड की चेयरपर्सन जया वर्मा सिन्हा से मंगलवार (9 जनवरी) से जबलपुर में पत्रकारों ने अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने से जुड़ा सवाल किया तो कहा कि, ÷सभी जानकारी समय पर शेयर कर दी जाएगी. उसका एक लंबा-चौड़ा प्रोग्राम है. वो पूरे भारत देश के हरेक कोने से कोशिश की जा रही है कि जो श्रद्धालु जाना चाहते है,उन्हें कैसे जाने की सुविधा मिल जाये. वो सब हम आपको शेयर कर देंगे. जब फाइनल हो जाएगा तब आपको शेयर कर लेंगे.यहां बताते चलें कि अयोध्या में भव्य रेलवे स्टेशन भी तैयार किया गया है, जिसका लोकार्पण पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था. इस दौरान कई शहरों से अयोध्या के लिए वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई गई थी. पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रेलवे बोर्ड द्वारा अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या का अनुमान लगाया जा रहा है.

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह में चारों शंकराचार्य के न जाने की बात झूठी, कुछ शंकराचार्य जाएंगे अयोध्या, बोले बाबा रामदेव




अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में चारों शंकराचार्यों के न पहुंचने के मामले में योग गुरु बाबा रामदेव ने बड़ी बात कही है. उनका कहना है कि अलग-अलग शंकराचार्यों के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन चारों शंकराचार्य नहीं जा रहे हैं ये बात झूठी है.बातचीत में रामदेव ने कहा, ÷हो सकता है उनके अलग-अलग मत हों लेकिन ये सच नहीं है कि चारों शंकराचार्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाएंगे. कुछ शंकराचार्य जा रहे हैं और कुछ नहीं जा रहे हैं.÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में बने राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे. इस समारोह के लिए देश-विदेश से कई मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया था. इसी के तहत चारों शंकराचार्यों को भी आमंत्रित किया गया था.मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि चारों ने यह कहते हुए आमंत्रण ठुकरा दिया कि मंदिर का काम अभी पूरा नहीं हुआ है और ऐसी स्थिति में प्राण प्रतिष्ठा करना शास्त्र के विरुद्ध है, लेकिन अब कहा जा रहा है कि ज्योतिष और गोवर्धन पीठ के शंकराचार्य जहां इस समारोह का विरोध कर रहे हैं, तो श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य कार्यक्रम का समर्थन करते नजर आ रहे हैं.

**कामकोटि मठ के शंकराचार्य ने भी किया है समर्थन**-शनिवार (13 जनवरी) को तमिलनाडु के कांचीपुरम कांची कामकोटि मठ के शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल ने उद्घाटन समारोह का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि इस खास मौके पर कामकोटि पीठ की ओर से काशी में यज्ञशाला मंदिर में 22 जनवरी के कार्यक्रम को चिह्नित करने के लिए 40 दिवसीय पूजा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. यह हवन 40 दिनों तक चलेगा.

**शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल ने की मोदी की तारीफ**-शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती स्वामीगल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि पीएम देश भर के तीर्थ स्थलों और परिसरों के विकास पर जोर दे रहे हैं.

## अयोध्या में 5 लाख राम भक्तों को मिलेगा भगवान महाकाल का प्रसाद, सौ अतिरिक्त कर्मचारी काम में जुटे

उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की समिति द्वारा तैयार किए जाने वाला लड्डुओं का प्रसाद अयोध्या भेजा जाएगा. अयोध्या में रामलला के मंदिर के उद्घाटन समारोह में आने वाले भक्तों को भगवान महाकाल का प्रसाद वितरीत किया जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश के बाद महाकालेश्वर मंदिर समिति ने लड्डुओं को तैयार करने का काम तेजी से शुरू कर दिया है. 16 जनवरी तक 5 लाख लड्डू तैयार हो जाएंगे.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार सुबह ये घोषणा कर दी की



अयोध्या में आयोजित राम लाल के मंदिर उद्घाटन समारोह में भगवान महाकाल मंदिर की ओर से 5 लाख लड्डू का प्रसाद भेजा जाएगा. इस घोषणा के बाद महाकालेश्वर मंदिर समिति ने प्रसाद निर्माण कार्य को लेकर अतिरिक्त सो कर्मचारी लगा दिए हैं. महाकालेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष और उज्जैन के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि 16 जनवरी तक परेशान बनाने का कार्य पूर्ण हो जाएगा. इसके बाद प्रसाद को अयोध्या भेजने की तैयारी की जाएगी. उन्होंने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा अतिरिक्त कर्मचारियों के माध्यम से शीघ्र प्रसाद बनाने का कार्य किया जा रहा है. यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी मात्रा में महाकालेश्वर मंदिर समिति का प्रसाद किसी मंदिर के उद्घाटन समारोह में निशुल्क भेजा जा रहा है.

**अयोध्या भेजे जाने वाले प्रसाद की कीमत एक करोड़**-महाकालेश्वर मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि 5 लाख लड्डुओं को अयोध्या भेजा जाएगा. एक लड्डू का वजन लगभग 50 ग्राम होता है. इस प्रकार ढाई सौ क्विंटल लड्डुओं का प्रसाद अयोध्या भेजने की तैयारी की जा रही ह

## राम मंदिर पर कांग्रेस नेताओं ने पकड़ी अलग राह, जाहिर की रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में जाने की इच्छा



राम मंदिर के मुद्दे पर मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने पार्टी लाइन से अलग राह पकड़ी है. राम मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के शामिल होने से इनकार करने के मामले में डिंडोरी से कांग्रेस विधायक ओमकार मरकाम ने खुद को अलग करते हुए कहा है कि हम भगवान राम के आदर्शों पर चलने वाले लोग हैं. इसी तरह जबलपुर के महापौर और नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू एक वायरल वीडियो में 22 जनवरी को स्पेशल ट्रेन अयोध्या ले जाने की बात कर रहे हैं.यहां बताते चलें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर से जुड़े कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है. हालांकि कांग्रेस नेताओं ने इसे बीजेपी और आरएसएस का राजनीतिक एजेंडा बताते हुए अयोध्या जाने से इनकार कर दिया है. इसे लेकर देश में राजनीतिक सियासत जमकर गरमाई हुई है.

## शिवराज सिंह चौहान ने सुनाई अपने जीवन के पहले आंदोलन की दिलचस्प कहानी,.



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लगातार अपने दिलचस्प बयानों से सुर्खियों में बने हुए हैं. हाल ही में शिवराज सिंह चौहान ने एक ऐसा बयान दिया, जिसकी चर्चा हो रही है. उन्होंने बताया कि जीवन का पहला आंदोलन उन्होंने महज़ सात साल की उम्र में किया था और वो हमेशा से ही राजनीति में आना चाहते थे. शिवराज बोले, मैं राजनीति में इसलिए आया क्योंकि स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों ने मुझे बहुत प्रभावित किया उन्होंने कहा था, तुम अनंत शक्तियों का भंडार हो और जीवन इसलिए नहीं है कि ये व्यर्थ गंवाया जाए, इसे बेकार किया जाए. जब मैं सातवीं कक्षा में पढ़ता था, तब पहला आंदोलन शुरू किया था. शिवराज सिंह चौहान ने बताया, यह आंदोलन मेरे गांव के मजदूरों के लिए था. उस समय मजदूरों को मेहनताना पैसे में नहीं बल्कि अनाज में दिया जाता था. एक बर्तन में नाप कर उन्हें अनाज दिया जाता था. ढाई पाई मिलती थी, तब मैंने कहा था कि ढाई पाई नहीं बल्कि अब पांच पाई लेंगे.

**सात साल की उम्र में शिवराज सिंह चौहान ने निकाला जुलूस**-पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैंने मजदूरों के हक के लिए बैठक बुलाई, लेकिन बैठक में लोग बहुत कम आए क्योंकि उस समय मेरी उम्र छोटी थी. इसके बाद 20-25 मजदूरों को लेकर जुलूस निकाला था. हम लोग आगे बढ़े और घर के सामने जब जुलूस गया तो मेरे घर से चाचा जी लाठी लेकर निकले और कहा %अभी तेरी मजदूरी बढ़ाता हूं, क्योंकि वो खुद किसान थे. मन में कोई काम करने एक तड़प और आग होती है. अगर वह आग आपके मन में भी है, तो आपको बड़े से बड़ा व्यक्ति बना सकती है.

**जब शिवराज सिंह चौहान ने बोलामैं रिजेक्टेड नहीं हूं**-वहीं, हाल ही में शिवराज सिंह का एक और बयान सुर्खियों में आया जब उन्होंने कहा, मुझे पूर्व मुख्यमंत्री कहिए, लेकिन अपन रिजेक्टेड नहीं हैं. सीएम पद छोड़ दिया, तो ऐसा नहीं है कि मैं राजनीति नहीं करूंगा. राजनीति किसी पद के लिए नहीं, बल्कि लक्ष्य के लिए होती है.

## आज राष्ट्रपति देंगे स्वच्छता सर्वेक्षण अवॉर्ड, इंदौर से दिल्ली पहुंचे मेयर पुष्यमित्र भार्गव

नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छता अवॉर्ड समारोह आज यानी गुरुवार 11 जनवरी को आयोजित होगा. इंदौर का स्वच्छता अवॉर्ड लेने महापौर पुष्यमित्र भार्गव इंदौर से दिल्ली पहुंच गए हैं. कैलाश विजयवर्गीय ये घोषणा पहले ही कर चुके हैं कि इंदौर सातवीं बार स्वच्छता में नंबर वन बनने जा रहा है और इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण इंदौर में 6 स्थानो पर किया जाएगा.

**होगा लाइव टेलीकास्ट**-स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत आज 11 जनवरी 2024 को सुबह नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहरों को पुरस्कारो का वितरण किया जाएगा. राष्ट्रपति द्वारा देश के स्वच्छ शहर को स्वच्छता का अवॉर्ड देते समय दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम का शहर के प्रमुख स्थानों पर एल. ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से सीधा



प्रसारण किया जाएगा. जिनमें राजबाड़ा, 56 दुकान परिसर, मेघदूत उपवन, रणजीत हनुमान मंदिर परिसर, बड़ा गणपति चौराहा, नगर निगम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सफाई मित्र की उपस्थिति में लाइव प्रसारण होगा. दिल्ली जाने से पहले महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता का सातवां आसमान फिर छाएगा इस संकल्प के साथ ही पिछले एक साल से शहर की जनता, जनप्रतिनिधियों और निगम के सफाई मित्र और अन्य कर्मचारी अधिकारी के सहयोग से उन्हें पूर्ण विश्वास है कि इंदौर स्वच्छता का सातवां आसमान जरूर छुएगा और स्वच्छता में हमेशा की तरह इंदौर नंबर वन रहेगा. स्वच्छ सर्वेक्षण में इंदौर पिछले 6 वर्षो से लगातार स्वच्छता में नंबर वन है.

युवा नेता अखिलेश उर्फ बंटू शर्मा ने विश्राम गृह पर दरबार लगाकर सुनी जनसमस्याएं

# युवा नेता की अनोखी पहल अब तक दोनों पक्षों को बिठाकर करबाये 16/17 राजीनामें बनी क्षेत्र जनचर्चा





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

लहार-लहार विधानसभा के बिधायक अम्बरीष शर्मा गुड्डू के अनुज अखलेश शर्मा उर्फ बंटू भैया बड़े ही मेहनत कस नेता है।जिनकी जिंदगी का हर पल लहार विधानसभा की जनता से जुड़ा है बंटू भैया ऐसे युवा नेता है।जिनका जनता से सीधा जुड़ाव है और उसी के चलते वह अपने रोज के रूटीन के अनुसार सुबह से हजारों लोगों की जनसमस्याओं को सुनते है।उसके बाद क्षेत्र भृमण कर लोगो के दुख दर्द में शामिल होने पहुँचते है जिससे बे क्षेत्र की जनता के दिल मे बसे हुए है और जनता उनकी इस मेहनत की मुरीद होकर उनकी आमजन के लिए ये मेहनत चर्चा का विषय बनी हुई है और इसी के चलते बो प्रत्येक शनिवार की भांति इस शनिवार भी लहार विश्राम गृह पहुँचे ओर लोगो की समस्याओं को सुना और उसकी समस्याओं से उन्हें निजात भी दिलाई युवा नेता लोगो की समस्याओं का निराकरण दोनों पक्षों को बिठाकर करबा रहे जिससे बो अभी तक क्षेत्र के बिबादित मामलों में 16 से 17 राजीनामे करबा चुके है जो क्षेत्र में जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

# देवपुर मंदिर प्राँगण में विधायक उमाकांत शर्मा ने की सफाई , मकर सक्रांति पर होगा मेले का आयोजन

**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**

क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देवपुर में मकर सक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले मेले ओर स्वच्छता व्यवस्था को लेकर देवपुर का भ्रमण किया। आरोन मुख्य मार्ग से मंदिर को जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग के किनारे गंदगी को देखकर विधायक शर्मा ने अपनी गाड़ी से उतरकर प्रशासन ओर मेला समिति को मौके बुलाकर आइना दिखाया। इस मौके पर उन्होंने खुद भी आंगे रहकर सफाई अभियान में हिस्सा लिया और सड़क किनारे, मंदिर एवं मेला परिसर में फैला कचरा उठाया। प्रतिवर्ष मकर सक्रांति पर्व पर तीर्थ क्षेत्र देवपुर में स्थित बाबा विश्वनाथ के मंदिर में जनपद पंचायत द्वारा मेले का आयोजन किया जाता है। इस मेले में पर्वी की डुबकी लगाने आसपास के ग्रामीण अंचल के हजारों श्रद्धालुगण पहुँचते है। इसी मेले के आयोजन की पूर्व तैयारियों को लेकर विधायक शर्मा ने प्रशासन को निर्देशित किया था। जिसको लेकर पंचायत एवं जनपद स्तर



पर परिसर का विशेष सफाई अभियान कर स्वच्छता की जा रही है। इसी अभियान की समीक्षा करने तथा सहभागी होने विधायक शर्मा भी देवपुर पहुँचे। देवपुर में अभियान में सहभागी होकर उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और स्वयं ने भी परिसर में फैली पन्नियों ओर कचरे को भी उठाया। इसके पुर्व शर्मा ने बाबा विश्वनाथ के दरबार मे पहुँचकर पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर जनपद में विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव,मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, एसडीओपी उमेश तिवारी,तहसीलदार संजय चौरसिया,सीईओ वंदना शर्मा,जनपद सदस्य प्रतिनिधि लेखराज राजपूत,आदि के साथ प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद थे।

**देवपुर मंदिर का बताया महत्व**-इस दौरान विधायक शर्मा ने देवपुर के प्राचीन महत्व से भी नागरिकों एवं मीडिया को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि देवपुर धाम हमारे क्षेत्र में जन जन की आस्था का केंद्र बिंदु है। इस स्थान को काशी विश्वनाथ के भांजे के रूप में भी पहचान जाता है। और तीर्थ करने वाले श्रद्धालु जब तक यहाँ जल नही चडाते तब तक उनकी यात्रा पूर्ण नही मानी जाती है। सतयुग तथा द्वापर युग से यहाँ का संबंध रहा है। पदम् पुराण में भी यहाँ का उल्लेख मिलता है। राजा वीर मणि ने भगवान राम के अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा यहाँ रोक था। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि भगवान राम का उत्सव पूरा देश ही विश्व मनाने जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री मोदी जी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी आव्हान किया है हम अपने अपने गाँव के तीर्थ,मंदिरो की स्वच्छता करे साथ ही इस आयोजन को उत्सव के रूप में मनाए।

बल्कर वाहन पर लगेगी लगाम

# कलेक्टर ने एनटीपीसी के अधिकारियों एवं ट्रैफिक बैठक में दिए आदेश



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज दिनांक 13 जनवरी 2024 को खरगोन शहर में आगामी दिवसों में आयोजित गौरव दिवस कार्यक्रम एवं मेले की अवधि में ट्रैफिक सुचारू चला रहे इस हेतु प्रशासन एवं एनटीपीसी के अधिकारियों एवं यातायात थाना प्रभारी की बैठक का आयोजन किया गया।उक्त बैठक में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नगर गौरव दिवस पर होने वाला कार्यक्रम जो कुंदा नदी तट पर आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम की अवधि में बल्कर वाहन दोपहर 03 बजे से रात्रि 8ः00 बजे तक बल्कर का यातायात कम रखने के निर्देश दिए हैं।साथ ही मेला अवधि में शाम 4ः00 बजे से रात्रि 9ः00 तक शहर क्षेत्र में ब्लकर वाहनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा।कलेक्टर श्री शर्मा ने एनटीपीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ब्लकर वाहनों को इस प्रकार रवाना किया जाये कि वे सम्भवतः रात्रि को शहर से गुजरे।साथ ही एनटीपीसी के माध्यम से प्राइवेट सिक्योरिटी से व्यक्तियों को डिप्लाई किया जावे जो शहर के यातायात को नियंत्रित करने में सहयोग करेंगे।इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, यातायात थाना प्रभारी श्री दीपेंद्र सिंह उपस्थित थे

# सीरवी समाज गुजरात सूरत प्रथम क्रिकेट महाकुंभ का हुआ आगाज

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**सूरत**–सीरवी समाज गुजरात सूरत प्रथम क्रिकेट महाकुंभ का आयोजन सूरत सीरवी समाज द्वारा किया गया लाइव स्पोर्ट ग्राउंड केनाल रोड पर सुबह 8 बजे दीप प्रजलित कर राष्ट गान के साथ सभी टीमों ने परेड के साथ बालिकाओं ने रंगा रंग नृत्य प्रस्तुत किया। संस्था के अध्यक्ष हेमाराम पंवार ने खिलाड़ियों और समाज बंधुओ को सम्बोधित किया। भारत वर्ष से आए सभी टीमों के खिलाड़ियों का अभिवादन व शुभ कामनाएं दी। संस्था के सचिव भंवरलाल भायल ने सभी टीमों को अनुशासन में खेलने और खेल को खेल भावना से खेलने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल एक समय में सिर्फ मनोरंजन का साधन या बेहतर स्वास्थ्य का माध्यम माने जाते थे, लेकिन आज के समय में खेल सिर्फ शारिरिक दृष्टि से




ही महत्वपूर्ण नही है, बल्कि खेलों से युवा अपना भविष्य भी बना सकते हैं। अमराराम आगलेचा ने कहा कि ग्राउंड में एम्पायर का फैसला मान्य होगा। इस क्रिकेट महाकुंभ के ओपनिंग सरेमनी में सूरत सीरवी समाज के सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य एवं समस्त सूरत सीरवी समाज बुजुर्ग सीरवी महिला मंडल,नवयुवक मंडल, सीरवी गैर मंडल सीरवी स्पोर्ट क्लब मेंबर उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी पेमाराम सोयल ने बताया कि 12,13 जनवरी को सभी लीग मैच के बाद क्वार्टर फाइनल खेले जाएंगे और 14 जनवरी 2024 को सुबह सेमी फाइनल और फाइनल मैच होगा। सभी मैच डे नाइट दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। इसी बीच उप सचिव संजय राठौड़ ने जानकारी दी की दोपहर फाइनल से पहले मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के विधायक केसाराम चौधरी चोथी बार भारी मतों से विजय के बाद सूरत आने पर सभी समाजों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# कल आयोजित होगा सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस,पूर्व सैनिक, वीर नारियों का होगा सम्मान

**खरगोन जिले से मुन्ना ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

कल दिनांक का 14 जनवरी 2024 को प्रतिवर्ष अनुसार आठवां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय खरगोन के सभागार में होगा। इस दौरान खरगोन जिले में निवासरत भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियों का सम्मान जिला प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र एवं शाल श्रीफल के द्वारा किया जाएगा।कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि हमारे लिए गौरव का क्षण है कि जिन वीर सैनिकों ने अपना जीवन देश की सुरक्षा एवं सम्मान को समर्पित किया है उनका सम्मान कर प्रशासन स्वयं गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन प्रारंभ

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

सत्र 2023 24 में अध्यनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों हेतु एमपी टॉस पोर्टर पर इस सत्र की छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करने हेतु पोर्टल प्रारंभ हो गया है। उक्त पोर्टल पर 31 जनवरी तक नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के आवेदन किया जा सकेंगे।जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त श्री प्रशांत आर्य ने समस्त शासकीय/अशासकीय , तकनीकी शिक्षा महाविद्यालयो के प्राचार्य को पत्र लिख समस्त छात्रों को आवेदन करने हेतु सूचित करने को कहा है

अधिकारी व्यर्थ के स्वागत कार्यक्रमों का आयोजन ना करें : सांसद चौधरी

# पाली सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में दी हिदायत, यात्रा केवल एक ही लक्ष्य कोई भी वंचित ना छूटे

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पाली सांसद पीपी चौधरी शनिवार को पाली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान वे निम्बड़ी उड़ा, नया बस स्टेण्ड, रामलीला मैदान और ग्राम पंचायत ढाबर के विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधि के स्वागत में अपना समय ना व्यर्थ ना करें। सांसद ने सख्त हिदायत दी कि अधिकारी वर्ग इन शिविरों में आने वाले किसी भी जनप्रतिनिधि के स्वागत कार्यक्रम नहीं रखे। स्वागत कार्यक्रम के कारण लाभार्थी जनों का योजनाओं से जुड़ने में परेशानी होती है, कारण कि आप सब लोग जनप्रतिनिधि के स्वागत में लग जाते है और दूर-दराज से आया गरीब, किसान, महिला व युवा, इनमें कोई भी छूट जाता है तो यात्रा का लक्ष्य अधूरा रह जाता है। सांसद की इस पहल से आमजन काफी प्रभावित हुए। यात्रा लोगों के सपनों प्रतीक ‒ सांसद चौधरी ने यात्रा शिविरों कहा कि यात्रा केवल मोदी सरकार की वाहन यात्रा नहीं बल्कि लोगों के सपनों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प 2047 तक



राष्ट को विकसित बनाने का संकल्प है। इसी विचारों के साथ उनकी सरकार का हर जनप्रतिनिधि भी हर लक्ष्य की प्राप्ति में जुटे हुए हैं। यह यात्रा गारंटी के साथ बड़े गांवों तक पहुंची है बल्कि छोटे-छोटे गांवों तक भी पहुंची है। वे स्वयं लगातार रूप से संसदीय क्षेत्र के हर कोने में आयोजित केम्प में जाकर व्यवस्थाओं के साथ ही कमियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रहे है। सांसद चौधरी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बड़ी संख्या में हर वर्ग के वंचित लोगों ने मोदी सरकार की 17 जनकल्याण योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने शिविरों में आए आमजन एवं लाभार्थियों से मुलाकात की और कहा कि राजस्थान में अब डबल इंजन की सरकार है। किसी भी समस्या को लेकर आप मुझे कॉल कर सकते हैं। हर समय मैं जनता की सेवा में हाजिर हूं। उन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही उपस्थित अधिकारियों को सभी सरकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इन शिविरों में जिला प्रमुख रश्मि सिंह, सभापति रेखा राकेश भाटी, जिला प्रवक्ता त्रिलोक पटेल, पूर्व सभापति मूलसिंह भाटी, पुखराज पटेल, भंवर किसान केसरी, सरपंच मोना शर्मा, सायरमल सुथार, यात्रा संयोजक हीरालाल वैष्णव, ललित शर्मा, मंडल अध्यक्ष मूल सिंह जोधा, पार्षद नरेश मेहता, सुल्तान सिंघवी, बलवंत पटेल, बाबुसिंह राजपुरोहित सहित प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, विशिष्ट कार्य करने वाले समाजसेवक सहित आमजन की बड़ी भागीदारी रही।

सभी ग्रामों में आयोजित होंगे कार्यक्रम

# राम मंदिर उद्घाटन के परिप्रेक्ष्य में होंगे कार्यक्रम/रामकथा सप्ताह मनाया जाएगा वीसी में दिए गए निर्देश



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज 13 जनवरी 2024 को मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के पत्र अनुसार मुख्य सचिव धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग की अध्यक्षता में प्रदेश के समस्त कमिश्नर एवं कलेक्टर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई।उक्त बैठक में निर्देश दिए गए कि श्री राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम दिनांक 22 जनवरी को होना है। जनता की भावनाओं की कद्र करते हुए सभी ग्रामों में कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान आदि आयोजित किया जाए।समस्त ग्रामों, पवित्र स्थानो, नदियों, घाटो सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। ग्राम वासियों की धार्मिक भावनाओं को देखते हुए राम कथा से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक गतिविधियां, प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाए। सुंदरकांड पाठ, भजन, दोहा प्रतियोगिता आयोजित करवाकर पुरस्कार प्रदान किया जाए।

भाजपा संगठन कराएगा अयोध्या में प्रभु राम की दर्शनयात्रा

# 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में स्थानीय आयोजन की तैयारियों को लेकर विधानसभा के पाँचो मंडलो की बैठक हुई आयोजित



**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को स्थानीय स्तर पर भव्यता के साथ मनाने एवं विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाज के सभी वर्गों के नागरिको को ट्रैन से अयोध्या ले जाकर दर्शन करने की योजना को लेकर विधानसभा के पांचों मंडलो की बैठक का आयोजन किया गया। इस यात्रा में एक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधानसभाओं से एक हजार लोगो को दर्शन कराने ले जाने का लक्ष्य रखा है। शनिवार को संस्कार गार्डन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री मुकेश तिवारी ने कहा कि पाँच सौ वर्षों के संघर्ष और बलिदान के उपरांत यह शुभ अवसर हमारे बीच आ रहा है हम सब सौभाग्यशाली है कि मर्यादा की स्थापना लड़ने वाले भगवान राम के बहु प्रतीक्षित भव्य मंदिर में भगवान राम को विराजमान होते हुए देखेंगे। इसके लिए हम अपने अपने मंडलों के बूथ केंद्रों के मंदिरों को भव्यता से सजावट कर विधुत सज्जा करें, आतिशबाजी चलाएँ ओर बड़ी एलईडी के माध्यम से सामूहिक रूप से लाइव प्रसारण को दिखाने की व्यवस्था भी करे। इसके अलावा इन्होंने प्रत्येक मंडलो के प्रमुख मंदिरों पर 14 से 21 जनवरी तक विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर इस अभियान के मण्डल प्रभारी मनोज पंजवानी ने कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए कहा कि देश और राष्ट में एक नए अध्याय की शुरुआत होने जा रही है। हमारी स्वयं की व्यसन एवं सामाजिक बुराइयों को त्यागने का संकल्प इस अवसर पर ले और जितना अधिक भव्यता के साथ इस आयोजन के मानने में जनजागरण के साथ अपना योगदान दे सकते है प्रदान करें। उन्होंने चौक चौराहों पर भगवान राम के होर्डिंग लगवाने के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं को साफ कर माल्यार्पण करने का भी कार्यकर्ताओ से आव्हान किया। बैठक का संचालन शिवकुमार भार्गव ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक कैलाश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह दाँगी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, रमेश यादव, किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष जितेंद्र बघेल,नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,गिरीश यादव, अभिषेक शाक्य,मंडल अध्यक्ष झार सिंह दाँगी, चरणसिंह राजपूत,राजेश यादव,राजकंवर बघेल,पारस तारण सहित मंडल पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण प्रमुख रूप उपस्थित रहे।

**विधानसभा से एक हजार की टोली जाएगी अयोध्या**–अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करवाने के लिए भाजपा संगठन विशेष ट्रेनों का इंतजाम करेगी। जिसमें चयनित सँख्या श्रद्धालुओं को तय तिथि पर पूर्व से आरक्षित टिकिट करवाकर अयोध्या ले जाया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रभारी मनोज पंजवानी ने बताया कि यात्रा का शुल्क यात्रियों को वहन करना होगा एवं यात्रियों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था संगठन करेगा। यह यात्रा 25 जनवरी से 32 मार्च के बीच मे सम्पन्न होगी। यात्रा पर जाने के पूर्व नगर में हर्ष के साथ जुलूस के रूप में यात्रा भी निकालनी है जिसका भव्य स्वागत हो एवं लौटने पर प्रत्येक यात्री को अपने गाँव,मोहल्ले में घर घर भगवान राम की प्रसादी का भी वितरण करना है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों से अयोध्या में दर्शनार्थियों की व्यवस्था हेतु आठ दिन का समय देने वाले तथा प्रत्येक कोच का प्रभारी तय करने की भी बात कही।

**कांग्रेस दे रही ओछी मानसिकता का परिचय**–बैठक में स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि देश मे राम मंदिर बहुत है लेकिन प्रभु राम की जन्मस्थली पर बनकर तैयार हो रहा यह भव्य मंदिर सम्पूर्ण सनातन हिन्दू समाज ही नही बल्कि देश मे रहने वाले प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव का विषय है। बाबर ने मीर बांकी के माध्यम से भगवान राम




की जन्मस्थली पर मस्जिद बनवाई थी लेकिन देश के मुस्लिम समाज के व्यक्तियों ने भी राम मंदिर के पक्ष में कोर्ट में पक्ष में बयान दिए । आज कांग्रेस द्वारा मुस्लिम समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। कि यह आयोजन मुस्लिम विरोधी है। तुस्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस ने इस महाभियान में भाग लेने का विरोध किया है। आज देश भर के अनेकों सनातनी प्रभु राम में आस्था रखने वाले कार्यकर्ता पार्टी के इस निर्णय के विरोध में पार्टी से इस्तीफा दे रहे है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से समाज के सभी वर्गों के नागरिको के साथ इस आयोजन को भव्यता दिव्यता से मनाने का आव्हान किया।

**अल्पसंख्यक मोर्चा लेगा गौरक्षा का संकल्प**–खिलायेगा गौचाराबैठक में अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष मुनीम गौरी ने घोषणा की वह 22 जनवरी को मोर्चे के नेतृत्व में छतरी चौराहे पर गौमाताओं को 25 किलो गुड़ एवं गोचारा खिलाएंगे। एवं गौमाता की रक्षा करने के लिए मुस्लिम समाज के नागरिको को भी प्रेरित कर संकल्पित होंगे। बैठक के उपरांत विधायक ड़हरम ने कार्यकर्ताओं के साथ भगवान राम की तस्वीर को अपने मस्तिष्क पर रखकर भगवा पताकाओं के साथ एक रैली भी निकाली। जो मंशापूर्ण मंदिर पहुँचकर सम्पन्न हुई।

# मनगवा एसडीएम ने पंचायत सभागार गंगेव में गौशाला सहित पंचायत के अन्य मुद्दों को लेकर की बड़ी बैठक

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।**
कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के निर्देशन पर मनगवा एसडीएम पीएस त्रिपाठी सहित जनपद गंगेव सीईओ राजेश शुक्ला ने सरपंच सचिव सहित अन्य कर्मचारियों के साथ की बड़ी बैठक।।प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते दिनों कलेक्टर रीवा द्वारा गौशाला सहित अन्य मुद्दों को लेकर बैठक की थी साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि एक अभियान चलाकर राजस्व मुद्दों सहित निर्माण कार्यों का समय पर निष्पादन हो जिससे शासन की योजनाओं का लाभ आमजन मानस तक पहुंच सके,बैठक पर मुख्य मुद्दा गौशालाओं को लेकर संवेदनशील दिखे एसडीएम मनगवा पीएस त्रिपाठी।मनगवा एसडीएम द्वारा सरपंच सचिव सहित पटवारी को निर्देशित किया कि जो भी गौशाला को जमीन दी गई है उनमें किए गए अतिक्रमण की जानकारी जनपद पंचायत गंगेव सहित एसडीएम कार्यालय को अवगत कराए जिससे अतिक्रमण को हटाया जा सके, साथ ही गौशाला संचालन में हो रही समस्याओं को लेकर भी चर्चा की,वहीं जिन जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला संचालित है या निर्माण कार्य चल रहा है उन समस्याओं को बैठक में रखा गया,गौशाला संचालाओ को सबसे बड़ी दिक्कत यह आ रही है कि जिन पशुओं की



मृत्यु हो जाती है उनका डिपोज की राशि कहा से दी जाए, जो लेवर पशुओं के सेवा में लगे हुए हैं उनका मानदेय की व्यवस्था कहां से की जाए, इन सभी बिंदुओं का समाधान करने हेतु एसडीएम द्वारा जनपद सीईओ गंगेव को निर्देशित किया गया है।सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी ने बांस गौशाला में उत्पन्न समस्याओं को एसडीएम मनगवा सहित जनपद सीईओ गंगेव के सामने रख जल्द समाधान करने का निवेदन किया जिससे गौशाला का सही तरीके से देखरेख हो सके, जिस पर अधिकारियों द्वारा जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया है।। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने हेतु शासन द्वारा **जारी निर्देशों का सभी ग्राम पंचायत पालन करें, एसडीएम मनगवा**-वही एसडीएम मनगवा द्वारा गंगेव जनपद अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिवों सहित सामाजिक संगठनों से एकत्रित होकर 16 जनवरी से लेकर 26 जनवरी तक उत्सव मनाएं, साथ ही ग्राम पंचायत में जो प्राचीन मंदिर हैं उन में सुंदरकांड कीर्तन भजन के साथ भंडारे का आयोजन करें साथ ही यदि संभव हो तो 22 जनवरी को एलइडी टीवी के माध्यम से सभी ग्राम वासियों के साथ उत्सव का आनंद लें।

**साथ ही शासकीय भवनों में दीप प्रज्वलन का भी कार्यक्रम रखे**-बैठक में जनपद सीईओ राजेश शुक्ला, नायब तहसीलदार गंगेव साधना सिंह, आवास प्रभारी अजय शुक्ला,,श्र मेंस चतुर्वेदी, सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र तिवारी, समाज सेवी रविकांत अग्निहोत्री, एपीओ गंगेव, वेटरिनरी ऑफीसर पुष्पराज सिंह, सहित सभी पंचायत के सरपंच सचिव जीआरएस, पशु विभाग के गौ सेवक सहित जनपद पंचायत गंगेव के कर्मचारी मौजूद रहे।

# रीवा खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही,पत्थर का अवैध परिवहन करते 01 पोकलेन मशीन टाटा हितेची 210 व पत्थर का अवैध परिवहन करते 02 हाइवा को किया गया जप्त

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
कलेक्टर रीवा प्रतिभा पाल के निर्देश पर उप संचालक खनिज प्रशासन के नेतृत्व पर खनिज विभाग द्वारा सुबह से खनिज का अवैध उत्खनन-परिवहन करने के सम्बद्ध में कार्यवाही की गई जिसमें जांच दौरान के ग्राम मरहा, दादर मोड़ पर अवैध उत्खनन करते हुए एक पोकलेन मशीन टाटा हितेची 210 जप्त किया गया व उत्खनन का प्रकरण दर्ज किया गया।मेन जेपी कंपनी द्वारा ग्राम मरहा में खनिज चूना पत्थर का बिना रायल्टी से परिवहन करते हुए 02 हाइवा क्र. एमपी 20 जेड ई.2142, व ओडी. 35 जी 1661 द्वारा परिवहन करते हुए बिना दस्तावेज के पाए जाने पर वाहनों को जप्त कर सुपुर्दगी में सुरछित खड़ा कराया गया। सभी वाहनों पर अवैध परिवहन व उत्खनन के प्रकरण पंजिबद्ध किये गए।

**कार्यवाही में मुख्य भूमिका** -खनि निरीक्षक वीर सिंह एवम खनिज अमला उपस्थित रहा।



# पावन अयोध्या धाम से आरंभ हुई अक्षत कलश यात्रा,आचार्य रामसुशील मिश्र के मार्गदर्शन में 21 गावो में अक्षत वितरण किया गया

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
पावन अयोध्या धाम से आरंभ हुई अक्षत कलश यात्रा आज रीवा जिले के सिरमौर विधानसभा 9 जनवरी से 12 जनवरी तक आचार्य रामसुशील मिश्र के मार्गदर्शन में 21 गावो में अक्षत वितरण किया गया जिसमें स्वयं सैकड़ो भक्तो के साथ नगर परिषद डभौरा के विभिन्न वार्डो में कुटी आश्रम से कलश भेजा गया और मंदिर के प्रधान पुजारी रविचन्द्रदास जी के साथ वार्ड 12,13,14,15 लटियार वार्ड पहुंची ।सम्पूर्ण लटियार ग्राम भगवामय हुआ ।जयश्रीराम के नारों से भक्तो का स्वागत किया ग्रामीण जनों ने ।इस यात्रा में सम्मिलित होकर पवित्र कलश का पूजन कर आगामी 22 जनवरी को प्रभु श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश के साथ - साथ अपने नगर में भी दीवाली मनाने का आग्रह समस्त नागरिकों से कियापत्रकार संवाद पर आचार्य



रामसुशील मिश्र के साथ सैकड़ो लोग का उत्साह देख पूछ आपके साथ इतना लोग क्यो चलते हैं ,इतनी ठंड में रात 8 बजे हो या सुबह 8 बजे आप निकल जाते हैं ,सैकड़ों लोगों के साथ ये चमत्कार है कि राजनीति उन्होंने जबाब दिया ये सब माई और नरसिंहदास के भक्त और अपने जन्मभूमि के पुत्र का इस दिशा में कार्य करने का साथ देकर उत्साह वर्धन कर रहे हैं । हम एक धर्मगुरु और आचार्य पीठ से है सही मार्गदर्शन करना शास्त्र की बात बताना जो हमारे भाग्य में हैं ओ प्राप्त होगा कोई रोक नही सकता ,जो नही हैं उसे कोई दिला नही सकता इसलिए कार्यकरते समय प्रसन्न रहे ,बस प्रभु के चरणों मे समर्पित कर देते हैं ,आप करवा रहे हैं ,हम म् कोई गति नही है और सभी क्षेत्रवासियो के लिए मंगल शुभकामनाएं दी ।जिसमे विशेष रूप से ग्राम ,पड़रहा, कुंडली पुरवा, लटियार, पटपर, कैथीहापुर्व ,कुड़ियापर, हरदिया पूर्वा तक यात्रा आज सम्पन्न किया ।जिसमे पुजारी जी रविचन्द्रदास जी,सन्तोसदास जी,शायमसुन्दर पयासी,नाथूलाल जी,अंकुर सिंह,सत्री, कुशवाहा, अन्नू,प्रीति,बालेन्द्र तिवारी, प्रानशी विश्वकर्मा, आराधना विश्वकर्मा, रश्मि, खुशी, महिनी,अर्चना, मोहिनी, मांशी, नांशी, रन्नु, सुनीता, ममता, निर्मला, कमला तिवारी, शिवकेस विश्वकर्मा, भैयन आदिवासी, पभु दयाल गुप्ता, रमेश पटेल, रितुराज पटेल,पोटटा आदिवासी, अवध शरण मिश्र लोग उपस्थित थे

# सीवर लाइन और सीवर ट्रीटमेण्ट प्लांट का निर्माण तेजी से कराएं - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**
।कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नगर निगम रीवा के विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने पेयजल व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, सड़क निर्माण, अमृत-2 परियोजना तथा सीवर लाइन निर्माण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर का विकास बहुत तेजी से हो रहा है। शहर में अधोसंरचना विकास, साफ-सफाई कार्य, पेयजल व्यवस्था तथा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए दीर्घकालीन योजना बनाकर कार्य करना होगा। सीवर लाइन निर्माण तथा बीहर नदी के किनारे बनाए जा रहे दो सीवर ट्रीटमेंट प्लांटों का निर्माण तेजी से कराएं। जब तक इनका निर्माण पूरा नहीं होगा तब तक रिवर फ्रंट का निर्माण पूरा होना संभव नहीं है। आयुक्त नगर निगम सीवर लाइन से जुड़े सभी निर्माण कार्यों की टाइम लाइन तय कराकर उसके अनुरूप निर्माण कार्य सुनिश्चित कराएं। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण पूरा होने के बाद सभी नालियों और घरों का पानी इसमें पहुंचना चाहिए। इसके लिए



पाइपलाइन बिछाकर घरों से कनेक्शन का कार्य भी शुरू करा दें। किसी भी स्थिति में गंदा पानी नदी में न जाए इसकी व्यवस्था करें। शहर को साफ-सुथरा रखने में नगर निगम के प्रयासों में आमजनता को भी भागीदार बनाएं। सभी प्रमुख मंदिरों में फूलों तथा नारियल के कचरे से खाद बनाने के प्लांट लगवाएं। रतहरा तालाब में सिंचाई नहर से पानी पहुंचाने का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराएं। इसका भी शीघ्र ही लोकार्पण किया जाएगा। रानी तालाब में प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन घूमने आते हैं। इसमें बीहर नदी का साफ पानी पहुंचाने के लिए तत्काल व्यवस्था कराएं। शहर के मध्य में निराला नगर में नाले के किनारे अभी भी बस्ती बसी हुई है। नगर निगम अथवा हाउसिंग बोर्ड इस स्थान पर बहुमंजिला भवन बनाकर इनके रहवासियों को उसमें रहने का स्थान दें। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अमृत-2 योजना से शहर में 12 बड़ी टंकियों का निर्माण स्वीकृत किया गया है। इनमें पानी की आपूर्ति के लिए कुठुलिया में अधिक क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनाना है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराएं। इनका निर्माण कार्य पूरा होते ही शहर के हर बस्ती में मीठा पानी पहुंच जाएगा। यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। अमृत-2 योजना के सभी निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कराएं। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों, शहर के दोनों प्रमुख मार्गों पर प्रवेश द्वारों के निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बैठक में नगर निगम के निर्माण कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर घर में 22 जनवरी को 11 खुशियों के दीप जलाएं - उप मुख्यमंत्री

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**
।अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर को पूरे देश में उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इस क्रम में जिले के सभी प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले भर में भगवान राम के जीवन चरित्र तथा रामकथा के आख्यानों से जुड़े विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संदर्भ में उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए गौरव और उल्लास का दिन है। पूरे जिले में अयोध्या भगवान श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा को त्यौहार के रूप में मनाया जाए। आमजनता को 22 जनवरी को अपने घरों में 11 खुशियों के दीपक जलाने के लिए प्रेरित करें। अयोध्या में मनाए जा रहे भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से हर व्यक्ति को जोड़ने का प्रयास करे। जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर उनके परिसर को सुंदर बनाएं। चिरहुला नाथ मंदिर, रानी तालाब मंदिर, महामृत्युंजय मंदिर, कष्टहर नाथ मंदिर गुढ़ तथा देवतालाब शिव मंदिर जैसे प्रमुख मंदिरों में विशेष साज-सज्जा कराएं। इन मंदिरों में रामचरित मानस के पाठ, रामधुन, राम रक्षा स्तोत के पाठ जैसे आयोजन भी कराएं। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से जुड़े अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी प्रमुख मंदिरों तथा धार्मिक स्थलों में सप्ताह भर के विभिन्न आयोजनों का कार्यक्रम निर्धारित करें। सांसदगण, विधायकगणों, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के साथ एसडीएम बैठक करके कार्यक्रमों का निर्धारण करें। जिले भर में 22 जनवरी तक भगवान राम के चरित्र, रामकथा तथा भगवान राम से जुड़े विभिन्न आख्यानों के संबंध में परिचर्चा, संगोष्ठी, भाषण, चित्रकला, रंगोली एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित कराएं। मंदिरों में रामधुन और रामचरित मानस के पाठ का भी आयोजन कराएं। सभी कार्यक्रम धार्मिक संगठनों एवं आमजनता के सहयोग और सहभागिता से आयोजित करें। बैठक में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा नगरीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल रहे।

# राम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें - एसीएस

## रामकथा, रामभजन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों आयोजन कराएं - एसीएस

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस कार्यक्रम के संबंध में अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश राजौरा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि भगवान राम सबके आदर्श हैं। भगवान राम के जीवन का धार्मिक ही नहीं सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत महत्व है। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम से अधिक से अधिक आमजनों को जोड़ने का प्रयास करें। इसके लिए 22 जनवरी तक लगातार कई कार्यक्रम आयोजित करें। सभी प्रमुख मंदिरों एवं अन्य धार्मिक स्थलों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक विशेष साफ-सफाई अभियान चलाएं। धार्मिक स्थलों को आकर्षक रूप से सजाएं। प्रमुख मंदिरों तथा सार्वजनिक भवनों में 21 जनवरी से 26 जनवरी तक रोशनी की व्यवस्था कराएं। मंदिरों तथा अन्य प्रमुख सावर्जनिक स्थलों पर रामकथा, रामभजन, रामधुन तथा अन्य




सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करें। रामचरित मानस के अखण्ड पाठ का भी आयोजन किया जा सकता है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि इस संबंध में शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। सभी कलेक्टर नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में निर्देशों के अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। इसके संबंध में जिला स्तर और तहसील स्तर पर जनप्रतिनिधियों, धार्मिक संगठनों तथा प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के साथ बैठक करके कार्यक्रम का निर्धारण करें। विश्वविद्यालयों एवं प्रमुख महाविद्यालयों में भगवान राम से जुड़े विभिन्न आख्यानों पर निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, परिचर्चा आदि का आयोजन कराएं। स्थानीय कलाकारों के माध्यम से भगवान राम से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराएं। अयोध्या जाने के लिए जो विशेष ट्रेनें चलाई गई हैं उनके यात्रियों को समारोह पूर्वक विदाई दें तथा वापस लौटने पर उनका स्वागत करें। जिले भर में भगवान राम तथा रामकथा पर आधारित चित्रकला, पोस्टर, रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित करें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में भगवान के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह सबके लिए गौरव और सम्मान का क्षण है। प्रत्येक नागरिक से इस दिन अपने घरों में दीपक जलाकर खुशी की अभिव्यक्ति करने का अनुरोध करें। सामाजिक संगठनों, धार्मिक संगठनों तथा आमजनता के सहयोग से प्रमुख धार्मिक स्थलों में 22 जनवरी को भण्डारे का भी आयोजन किया जा सकता है। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, डिप्टी कलेक्टर रामनिवास सिंह सिंकरवार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन ने मानव सेवा कर बनाया स्थापना दिवस

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
**शिवपुरी** -अखिल भारतीय अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन की आधार शिला 13 जनवरी को रखे जाने एवं महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सोनकिया के जन्म दिवस पर संगठन द्वारा प्रतिवर्ष मानव सेवा कर स्थापना दिवस मनाया जाता रहा है, आज अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन शिवपुरी के जिला पदाधिकारीयों प्रातः जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने खिचड़ी दलिया फल वितरित कर संगठन की स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सोनकिया के जन्म दिवस को मानव सेवा के रूप में मनाया , अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिला अध्यक्ष पंडित पुरुषोत्तम कांत शर्मा जिला महामंत्री राजकुमार सड़ैया ने संयुक्त रूप से बताया कि संगठन के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी सोनकिया जन्म दिवस पर ब्राह्मण महासभा सनातन की पदाधिकारीगण प्रातः जिला अस्पताल शिवपुरी में पहुंचें जहां उन्होंने खिचड़ी दलिया फल वितरित किये। सभी ने निरंतर मानव सेवा करते रहने का संकल्प भी लिया,इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के पंडित आर पी द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष हरगोविंद शर्मा ए एस दुवे गोपाल कृष्ण शर्मा कुंज बिहारी पाराशर राजा राम चतुर्वेदी डॉक्टर सी पी उपाध्याय आनंद दीक्षित विशंभर दयाल दीक्षित सतीश सडैयाबालकृष्ण मिश्रा बालकृष्ण शर्मा मामा देवेंद्र मड़वास देवेंद्र गौड़ महेंद्र शर्मा गजेंद्र शर्मा शर्मा हरबंस त्रिवेदी राजेंद्र पांडे जी सुरेंद्र पाठक नरहरी प्रसाद अवस्थी पवन अवस्थी अरविंद सुड़ैया महावीर मुद्गल राजू पीपलवारआदि उपस्थित थे



# जनपद पंचायत पोहरी में सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती केम्प आयोजित

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
**शिवपुरी**- जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव मरावी के निर्देशानुसार एवं मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला शिवपुरी के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा जवान भर्ती कैंप शनिवार को जनपद पंचायत पोहरी में आयोजित किया गया।इस मौके पर 130 युवाओं ने पंजीयन कराया जिसमे त्रष्ठङ्क के भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा ने 30 युवाओं का सलेक्शन किया। यह कैम्प आजीविका मिशन के डीएम स्किल तृप्ति राय एवं विकासखंड प्रबंधक अभिषेक



सक्सेना, सहायक प्रबंधक गगन सिंह पंवार, राजेन्द्र सिंह गुर्जर, जितेन्द्र शिवहरे, सभी स्टाफ के सहयोग से सम्पन्न हुआ।अगला कैम्प 15 जनवरी को पुकार सीएलएफ कार्यालय समोहा में प्रातः11 बजे से 3 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा।

चयनित युवाओं को GDX ट्रेनिंग सेंटर परीचौक नोएडा में 15 दिन के आवासीय प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षण प्रमाण पत्र के साथ मध्यप्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र - ग्वालियर, इंदौर, पीथमपुर, भोपाल, देवास, अनूपपुर में 14 हजार से 18 हजार तक के वेतन पर परमानेंट नौकरी एवं पीएफ ,पेंशन, बीमा, मेडिकल, सालाना वेतनवर्दी, प्रमोशन, आवास एवं मेस आदि सुविधाएं दी जाएगी।इच्छुक बेरोजगार युवक जिनकी योग्यता- 10वी पास, उम्र 18 से 45 वर्ष, ऊँचाई 168 सेमी, वजन 52 से 90 किलो, एवं सुपरवाइजर हेतु- 12वी पास, उम्र 21 से 45 वर्ष, ऊँचाई 172 सेमी. वजन 60 से 90 किलो हो वे अपनी 10 वी पास की अंकसूची, आधार कार्ड की फोटो कॉपी, एक फोटो एवं चयनित उम्मीदवार के लिए 250 रुपये रजिस्ट्रेशन फॉर्म की फीस लेकर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु भर्ती अधिकारी राजेन्द्र सरगरा मो. 9289153551, 9799414022 से संपर्क कर सकते हैं

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत् ऑगनवाडी केन्द्रों पर गतिविधियाँ हुईं आयोजित

# बालिकाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
महिला हेल्पलाईन डेस्क 181 एवं महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की दी जानकारीभिण्ड । महिला सशक्तिकरण सप्ताह के दौरान म.प्र. शासन द्वारा प्रदाय निर्देशों के परिपालन में जिला भिण्ड अन्तर्गत समस्त ऑगनवाडी केन्द्रों पर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। आयोजित गतिविधियों के दौरान कार्यशाला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत घटते लिंगानुपात पर चर्चा की गई। बालिकाओं को उनके अधिकार के बारे में बताया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं



और बालिकाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी जिला भिण्ड द्वारा महिला हेल्पलाईन डेस्क 181 एवं मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई। इस मौके पर ऑगनवाडी केन्द्रों पर संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक, एकीकृत बाल विकास परियोजना मौजूद रहीं।

# चार हजार शिक्षकों की नौकरी पर मंडराया खतरा

## देवरिया में 82 शिक्षकों पर एकमुश्त एक्शन से बेसिक शिक्षा महकमे में हड़कंप

लखनऊ, एजेंसी। देवरिया जिले में एकमुश्त 82 शिक्षकों की बर्खास्तगी तो सिर्फ बानगी है, अभी तमाम निशाने पर हैं। यह संख्या चार हजार भी पार कर सकती है। बेसिक शिक्षा महकमें में हड़कंप मच गया है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी तादाद में फर्जी प्रमाणपत्र लगाकर कैसे भर्ती हो गई। अभिलेख सत्यापन तो दौरान काउंसिलिंग किया जाता है। काउंसिलर आखिर पड़ताल किस बात की करते हैं। कई कई साल नौकरी करने के बाद जब धांधली की पुष्टि होती है तो शिक्षक तो बाहर जाता ही है,महकमे की क्या बदनामी नही होती है। भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश के देवरिया में हाल ही में शिक्षा विभाग ने 85 शिक्षकों को बर्खास्त हुए, विभाग में हड़कंप है। यह पहली बार नही हुआ है ,पहले भी यूपी के अलग–अलग जिलों में तमाम शिक्षकों की बर्खास्तगी हुई हैं। 2019 में ही एसआईटी ने प्रदेश भर में 4000 से अधिक फर्जी शिक्षकों को चिन्हित किया था,जिसकी जानकारी तत्कालीन बेसिक शिक्षा मंत्री ने खुद मीडिया को दी थी। एसआईटी जांच के दौरान करीब 4700 ऐसे बीएड डिग्रीधारक मिलेथे, जिनकी डिग्री या तो फर्जी थी या उसमें किसी प्रकार की हेरफेर हुई थी। एसआईटी ने फर्जी डिग्रीधारकों की सूची बनाकर जिलावार शिक्षा विभाग को भेजी थी,जिसके आधार पर जांच करके तमाम शिक्षकों पर कार्रवाई की गई। सरकार लगातार कार्रवाई कर रही है।देवरिया से पहले मथुरा में भी 2019 में 60 शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। इनकी बीएड की डिग्री फर्जी पाई गई थी। बाराबंकी में 2018–19 मे 20 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया था। इन शिक्षकों पर फर्जी डिग्री लगाकर नौकरी हासिल करने का आरोप था, जो जांच में सही पाया गया। बलिया में 2019 में एक सरकारी स्कूल टीचर बर्खास्त किया गया था जो 20 साल से नौकरी कर रहा था। यूपी के कई जिलों में कार्रवाई हुई है और आगे भी कार्रवाई जारी रहने की संभावना है।यूपी में जिन भी शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है, उनमें से अधिकतर पर यह आरोप है कि वह फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी कर रहे थे। बर्खास्तगी का आशय सीधा सेवा समापति है जिसे इसे अंग्रेजी में नौकरी से डिसमिस कहा जाता है। किसी कर्मचारी को बर्खास्त किया जाता है तो उसे किसी तरह की कोई सैलरी या कोई भत्ता नहीं दिया जाता। अगर विभाग ने किसी कर्मचारी को बर्खास्त कर दिया तो वह दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई भी नही कर सकता। वह किसी सरकारी पद पर दोबारा कोई नौकरी नहीं कर सकता और नहीं कोई चुनाव लड़ सकता है। पिछले साल सितंबर में एक सहायक शिक्षक की बर्खास्तगी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी दिशा निर्देश जारी किए थे। कोर्ट की टिप्पणी थी कि सहायक अध्यापक को बिना जांच बर्खास्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा था कि बीएसए को विचार करना चाहिए कि इसमें नियम 11 का पालन किया गया है या नहीं। बर्खास्तगी से पहले बीएसए का अनुमोदन जरूरी है। कोर्ट की यह टिपणी मऊ जिले के एक प्राइमरी स्कूल के सहायक अध्यापक के संबंध में की गई थी। अगर चयन शिक्षक या किसी सरकारी सेवा के लिए हुआ है, तो भूलकर भी गलतियां न करें वर्ना नौकरी से हाथा धोना पड़ेगा। कभी भी नौकरी के समय कोई फर्जी दस्तावेज न लगाएं। जन्मतिथि के दस्तावेज आधार कार्ड, दसवी की मार्कशीट आदि की सही कॉपी प्रस्तुत करें। डिग्री डिप्लोमा खास तौर से बीएड की डिग्री की मूल कॉपी ही दस्तावेज के रूप में सबमिट करें। मार्कशीट में प्राप्त अंकों में किसी तरह की कोई छेड़छाड़ या गड़बड़ी न करें। यही नहीं जिस यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की हो उसके मान्यता की अच्छी तरह से जांच कर लें,क्योंकि बाद में पछताने से कुछ होने वाला नहीं है।

### सपा की सरकार बनी तो डिंपल यादव होंगी सीएम!

पार्टी दफ्तर के बाहर लगे पोस्टर दे रहे संकेत

लखनऊ, एजेंसी। समाजवादी पार्टी के लखनऊ दफ्तर के सामने एक ऐसा पोस्टर लगा है जो का विषय बन गया है। इस पोस्टर में डिंपल यादव को यूपी के भावी मुख्यमंत्री के तौर पर दिखाया गया है। इस पोस्टर के पीछे की कहानी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। लखनऊ में समाजवादी पार्टी के दफ्तर के सामने अक्सर कई पोस्टर लगे होते हैं। कई बार ये पोस्टर खबरों की सुर्खियां बन जाते हैं लेकिन इस बार डिंपल यादव को लेकर जो पोस्टर लगा है वो सुर्खियों में आ गया है। ये होर्डिंग सपा नेता अब्दुल अजीम की ओर से लगवाई गई है, जिसमें कंबल वितरण समारोह की जानकारी के साथ डिंपल यादव को यूपी का भावी मुख्यमंत्री बताया गया है।15 जनवरी को डिंपल यादव का जन्मदिन हैं। उससे पहले पार्टी दफ्तर के सामने ये होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इस पोस्टर को लेकर अब कई तरह के मायने लगाए जा रहे हैं, जिसके जरिए ये कहने की कोशिश की गई है कि देश को अखिलेश यादव चलाएंगे और डिंपल यादव अब उनकी जगह यूपी की जिम्मेदारी को संभालेंगी। सपा कार्यकर्ताओं की ये सोच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के उस बयान को काउंटर करती हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि वो प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते है। वो खुद को यूपी में ही देखते हैं, शायद यही वजह है कि उन्होंने सांसदी छोड़कर विधायक रहने को मंजूर किया और विधानसभा में नेता विपक्ष की भूमिका में रहते हैं। लेकिन ये भी अहम है कि अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं।राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि अखिलेश यादव इस बार दो लोकसभा सीट कन्नौज और आजमगढ़ से चुनाव लड़ सकते हैं जबकि डिंपल यादव एक बार फिर मैनपुरी से हैं चुनाव लड़ सकती है।सपा का ये पोस्टर संदेश को आगे बढ़ाने की ओर संकेत देता है कि अगर अखिलेश यादव देश की राजनीति में आगे बढ़ते हैं तो डिंपल यादव पर प्रदेश को संभालने की जिम्मेदारी होगी।

## इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे पर फैसला जल्द: अखिलेश

### कहा, बीजेपी वाले भू-माफिया, जहां जमीन खाली...उसे लोग कब्जा रहे



लखनऊ, एजेंसी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय विधानसभा अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को विधानसभा अध्यक्षों टिप्स दिए। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन की बैठक लगातार चल रही है। सीट बंटवारे को लेकर सुझाव दिए गए हैं, उनकी तरफ से भी सुझाव आए हैं। गठबंधन में सीट बंटवारे पर फैसला जल्द होगा। अभी तक जो बातचीत हुई है, वह बहुत ही पॉजिटिव है। अखिलेश ने कहा है, भाजपा नकारात्मक राजनीति करने की आदी है। संविधान और लोकतंत्र पर खतरा है। सर्वाधिक 80 सीटें उत्तर प्रदेश में है, इसलिए यूपी की जिम्मेदारी भी बड़ी है। सपा कार्यकर्ताओं को भाजपा के जाल में नहीं फंसना है। सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने के लिए एकजुट होना होगा। भाजपा साजिश करने में माहिर है। भाजपा जनहित की राजनीति नहीं करती है। भाजपा का रवैया जन–विरोधी है। प्रदेश में जहां भी खाली जमीन है, वहां पर भाजपा के लोग कब्जा कर रहे हैं। आजकल बीजेपी वाले भू–माफिया हो गए हैं। महंगाई से सभी त्रस्त हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। बच्चियों तक की सुरक्षा नहीं है। नौजवानों के लिए रोटी–रोजगार की व्यवस्था नहीं है। हर तरफ लूट मची हुई है। थाना–तहसील से लेकर ऊपर तक बिना लेन–देन के कोई काम नहीं हो रहा है। हर तरफ अराजकता है। स्वास्थ्य सेवाएं जन सामान्य को उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में इलाज और दवा की व्यवस्था बेपटरी पर हैं। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने के खेल में लोगों की जानें जा रही है। 108 और 102 डायल एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की यूपी डायल 100 पुलिस सेवा को भी भाजपा ने 112 बनाकर बर्बाद कर दिया। ठंड की ठिठुरती रातों में गरीबों के लिए न अलाव और न ही रैन बसेरा की व्यवस्था है। अधिकारी जश्न की तैयारियो में लगे हैं। समाजवादी पार्टी पर करोड़ों लोगों का भरोसा है। समाजवादी पीडीए–पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक सभी भाजपा सरकार के अन्याय, अत्याचार और उत्पीड़न के शिकार हैं। सपा इनके हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है। आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी व्च। और इंडिया गठबंधन मिलकर भाजपा को सभी 80 सीटों पर पराजित करेगा। सरकार ने निवेश के सपने दिखाए। उनका कहना है कि यूपी में 40 लाख करोड़ का निवेश आएगा। ऐसे में मैं पूछना चाहता हूं कि कितना निवेश पहुंचा है और उससे कितनी नौकरी मिली है? ये डेटा सरकार के पास नहीं है। पीडीए के बजट में कटौती नही होनी चाहिए।

### यूपी ने रचा इतिहास, पहली बार दो प्रमुख शहरों ने पाया राष्ट्रीय पुरस्कार : एकेशर्मा

लखनऊ, एजेंसी। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के हाथों से गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद यूपी के नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि यूपी ने एक इतिहास रच दिया है। यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। एके शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आशीर्वाद और सीएम योगी के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। नगर विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा कि हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उनके साथ विभाग एवं पुरस्कृत नगर निकायों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि यूपी के दो शहरों को पहली बार स्वच्छता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार मिल रहा है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 13 शहरों में से 2 यूपी के ही हैं। तीन अन्य शहरों को पहली बार क्षेत्रीय पुरस्कार मिला है उत्तर भारत क्षेत्र में। वहीं नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, लखनऊ, कानपुर, झाँसी, गोरखोर और वाराणसी को राज्य पुरस्कार मिला है। यूपी ने कचरा मुक्त शहरों (जीएफसी) में उत्कृष्ठ प्रदर्शन और रैंकिंग मे जबरदस्त सुधार हुआ है। ऐसे शहरों में पिछले दो वर्षों में 13 गुना की वृद्धि हुई है। दो वर्षों में यूपी ने अपने सभी शहरों और कस्बों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बनाने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश राज्य ने उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सर्वे मे यूपी के दो महानगरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसमें वाराणसी और प्रयागराज शामिल हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि पूरे देश में कुल 13 शहरों को यह राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, जिनमें से दो यूपी के ही हैं। इसके पहले इतनी बड़ी संख्या मे यूपी को यह राष्ट्रीय पुरस्कार नही मिला है। इसके अलावा देश मे जोनल स्तर पर यूपी के तीन शहरों को उत्तरी जोन का पुरस्कार दिया गया है। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। नोएडा को भी राज्य स्तर का पुरस्कार मिला है। साथ ही एमओएचयूए ने जीएफसी और ओडीएफ परिणाम भी घोषित किए हैं। इस वर्ष यूपी में 65 शहरों को कचरा मुक्त शहर के रूप में प्रमाणित किया गया है। 2021 में केवल 5 शहर जीएफसी थे। इस प्रकार, दो वर्षों मे इसमें 13 गुना की वृद्धि हुई है। यूपी इस वर्ष अनेक और कचरा मुक्त शहरों का प्रमाणन हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। इस वर्ष यूपी के सभी शहर ओडीएफ हो गए हैं। ओडीएफ की विभिन्न श्रेणी में 2 यूएलबी ने पहली बार वाटर प्लस प्रमाणन हासिल किया है। यूपी ने यह वॉटर प्लस सर्टिफिकेशन पहले कभी हासिल नहीं किया है।ओडीएफ की अन्य श्रेणी में 129 यूएलबी को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 40 था। 435 यूएलबीएस को ओडीएफ़ के रूप में प्रमाणित किया गया है जबकि पिछले साल इनकी संख्या 411 थी। इन सब श्रेणियों को मिलाकर यूपी के सभी शहर अब ओडीएफ हो गए हैं।

## केंद्रीय आवास मंत्रालय ने की स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा

### उत्तर प्रदेश ने किया पुरष्कारों में अभूतपूर्व प्रदर्शन : शर्मा

लखनऊ, एजेंसी। राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू के हाथों से नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि यूपी ने आज इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बड़ा बदलाव लाया है। नगर विकास विभाग केअधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री एके शर्मा ने कहा, हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उनके साथ विभाग एवं पुरस्कृत नगर निकायों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।मंत्री एके शर्मा ने कहा कि यूपी के दो शहरों को पहली बार स्वच्छता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार मिला है। राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले 13 शहरों में से 2 यूपी के ही हैं।तीन अन्य शहरों को पहली बार क्षेत्रीय पुरस्कार मिला है। वहीं नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फिरोजाबाद, लखनऊ, कानपुर , झाँसी, गोरखोर और वाराणसी को राज्य पुरस्कार मिला है। यूपी ने कचरा मुक्त शहरों जीएफसी में उत्कृष्ठ प्रदर्शन और रैंकिंग में जबरदस्त सुधार हुआ है। ऐसे शहरों में पिछले दो वर्षों में 13 गुना की वृद्धि हुई है।दो वर्षों में यूपी ने अपने सभी शहरों और कस्बों को खुले में शौच मुक्त ओडीएफ बनाने में भी सफलता हासिल की है।भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के परिणामों की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश राज्य ने उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सर्वे में यूपी के दो महानगरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसमें वाराणसी और प्रयागराज शामिल हैं। यह बड़ी उपलब्धि है क्योंकि पूरे देश में 13 शहरों को यह राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, जिनमें से दो यूपी के ही हैं। इसके पहले इतनी बड़ी संख्या में यूपी को यह राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं मिला है। इसके अलावा देश में जोनल स्तर पर यूपी के तीन शहरों को उत्तरी जोन का पुरस्कार दिया गया है। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। नोएडा को भी राज्य स्तर का पुरस्कार मिला है। एमओएचयूए ने जीएफसी और ओडीएफ परिणाम भी घोषित किए हैं। इस वर्ष यूपी में 65 शहरों को कचरा मुक्त शहर के रूप में प्रमाणित किया गया है। 2021 में केवल 5 शहर जीएफसी थे। दो वर्षों में इसमें 13 गुना की वृद्धि हुई है। यूपी इस वर्ष अनेक और कचरा मुक्त शहरों का प्रमाणन हासिल करने का लक्ष्य बना रहा है। इस वर्ष यूपी के सभी शहर ओडीएफ हो गए है। ओडीएफ की विभिन्न श्रेणी में 2 यूएलबी ने पहली बार वाटर प्लस प्रमाणन हासिल किया है। यूपी ने यह वॉटर प्लस सर्टिफिकेशन पहले कभी हासिल नहीं किया है।ओडीएफ की अन्य श्रेणी में 129 यूएलबी को ओडीएफ प्लस प्लस के रूप में प्रमाणित किया गया है, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 40 था। 435 यूएलबीएस को ओडीएफ प्लसके रूप में प्रमाणित किया गया है जबकि पिछले साल इनकी संख्या 411 थी। इन सब श्रेणियों को मिलाकर यूपी के सभी शहर अब ओडीएफ हो गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि हमने एक ऐतिहासिक समस्या से निजात पाई है। अब हमारा लक्ष्य सभी नगरों के लिए ओडीएफ के उच्च मानकों को हासिल करना है और स्वच्छता में वैश्विक मापदंडों तक पहुंचने की हमारी कोशिश है।इन ऐतिहासिक उपलब्धियो के लिये नगर निकायों के कर्मियों, अधिकारियों एवं नेतृत्व को बधाई दी और कहा कि सफाई कर्मियों के अथक परिश्रम के लिए उन्हें नमन करता हूँ।

## यूपी एसटीएफ ने 5 माह से फरार आईएसआई एजेंट पकड़ा

### मेरठ में छिपकर रह रहा था संदिग्ध, देश विरोधी गतिविधियों में था संलिप्त

लखनऊ, एजेंसी। यूपी एसटीएफ ने अवैध असलाहों को एकत्र कर देश विरोधीगतिविधियों में संलिप्त आईएसआई एजेंट मोटा को मेरठ के बुढ़ाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी देते हुए बताया कि शामली के वर्षावाली गली निवासी तहसीम उर्फ मोटा को एटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसकी पिछले पांच माह से सुरक्षा एजेंसियां तलाश कर रही थी। एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया कि 16 अगस्त 2023 को एसटीएफ ने शामली क्षेत्र से आईएसआई से मिलकर अवैध असलाहों को एकत्र कर देश विरोधी गतिविधयों में संलिप्त शामली मोमीनपुरा निवासी कलीम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दो अगस्त 2023 को शामली से ही छह लाख नकली मुद्रा के साथ इमरान को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें जांच में गिरफ्तार तहसीम उर्फ मोटा की भूमिका की जानकारी हुई थी। जिसकी तलाश में अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह की टीम को लगाया गया था। एसटीएफ की पूछताछ में तहसीन ने बताया कि वह भाई कलीम के साथ पाकिस्तान आता–जाता था। जहां पर आईएसआई के कुछ हैण्डलर से जान पहचान हो गयी थी, जिनके द्वारा उसे कुछ पैसो का लालच दिया। उनके कहने पर भारत में जिहाद फैलाने के लिए असलाह व गोला–बारूद और पैसा देने की बात कही गई थी। जिससे भारत में शरीयत कानून के तहत नये सिस्टम को स्थापित कर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाया जा सके। तहसीम ने पूछताछ में बताया कि फर्जी सिम से वाट्सएप से पाकिस्तान में आईएसआई एजेन्ट दिलशाद उर्फ मिर्जा से सम्पर्क कर सवेंदनशील सूचनाएं भेजने लगे थे। वहीं कांधाल निवासी नफीस से नकली करेन्सी लेकर इमरान के साथ यूपी के आस–पास के जनपदों में सप्लाई का काम करता था। इसके भाई कलीम के गिरफ्तार होने के पश्चात यह अपना फोन छोड़कर फरार हो गया था। तहसीम उर्फ मोटा ने बताया कि 2002 में पाकिस्तान कोटाद्दू अपने रिश्तेदार (पिताजी की बुआ) के यहाँ गया था। वह वहाँ पर पान, कत्था आदि बेचने के बहाने गया था।

## संक्षिप्त

### नवयुग कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

लखनऊ, एजेंसी। आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन नवयुग कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने छात्राओं को विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा तथा कहा कि अगर भारत को 2047 में एक विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें विवेकानंद के आदर्शों को स्वीकार करना होगा। विकसित राष्ट्र बनने के लिए सतत विकास पर ध्यान देना होगा। जल, जन, जीवन, जंगल इत्यादि को समान रूप से महत्व देना होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रीति सक्सेना डीएवी डिग्री कॉलेज तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ पश्चिम की जिला सह प्रमुख ने विवेकानंद के बारे में छात्रों को बताया। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ पश्चिम के जिला प्रमुख डॉक्टर प्रवीण मिश्रा ने 2047 में विकसित राष्ट्र का स्वप्न छात्रों के अंदर जोर–जोर से भरने का प्रयत्न किया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–पलक तिवारी, द्वितीय स्थान–तनवीर एवं तृतीय स्थान सुरभि को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–निवेदिता, द्वितीय स्थान–वरीशा कुरैशी तथा तृतीय स्थान प्रिंसी को दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने सभी अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किय। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ऐश्वर्या सिंह, डॉक्टर प्रतिमा घोष, डॉ नेहा अग्रवाल एवं डॉक्टर श्वेता उपाध्याय तथा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की खेलो इंडिया की प्रांत प्रमुख डॉक्टर सीमा पांडे, जिला संयोजक शौर्य वर्धन सिंह एवं नवयुग कन्या महाविद्यालय की सभी छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के गायन से किया गया।

### योगी ने पूर्व पीएम और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें किया याद

लखनऊ, एजेंसी। सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। सीएम योगी ने अपने आफिशियल एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया और लिखा–पूर्व प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करने वाले जय जवान–जय किसान मंत्र के उद्घोषक, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! सादा जीवन–उच्च विचार भाव को चरितार्थ करता उनका त्यागमय, लोकनिष्ठ जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

### विनाशकाले विपरीत बुद्धि है उनका निर्णय... कांग्रेस द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का न्योता अस्वीकार करने पर केशव मौर्य ने दी प्रतिक्रिया

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह होगा। इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी समेत देश–विदेश से भक्त आने वाले है। समारोह में शामिल होने के लिए न्योता दिया जा रहा। कांग्रेस को भी राम मंदिर समारोह में आने का न्योता दिया गया था, जिसे कांग्रेस नेताओं ने ठुकरा दिया है। इस पर अब उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपनी प्रतिक्रिया दी है और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा, अगर उन्होंने निमंत्रण को ठुकराया है तो जनता उन्हें ठुकरा देगी...निमंत्रण भाजपा ने दिया है, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दिया है और उसे नकारने से उनका रामद्रोही आचरण प्रकट होता है..उनका ऐसा निर्णय निश्चित तौर से विनाशकाले विपरीत बुद्धि है। बता दें कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्षी दलों के नेताओं को भी नमिंत्रण भेजा गया है। जिसे कांग्रेस (ब्वदहतमे) सहित कुछ दलो ने इसे अस्वीकार कर दिया है। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए इस समारोह को भाजपा और आरएसएस का इवेंट करार दिया था। कांग्रेस ने कहा, ष्करोड़ों भारतीय भगवान राम की पूजा–अर्चना करते है। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता है, लेकिन बीजेपी और आरएसएस ने सालों से राम मंदिर को एक राजनीति मुद्दा बना दिया है। यह स्पष्ट है कि अर्द्धनिर्मित मंदिर का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है।

### 2024 के लिए बीजेपी का राम मंदिर मैनेजमेंट मॉडल, तावड़े ने ली बैठक

राम दर्शन यात्रा कराएगी भाजपा, 9000 कार्यकर्ता श्रद्धालुओं को खिलाएंगे भोजन

लखनऊ, एजेंसी। 2024 के लिए बीजेपी का राम मंदिर मैनेजमेंट मॉडल तैयार हो गया है। इसी के जरिए भाजपा लोकसभा चुनाव में भी उतरने की तैयारी करेगी। रामलला के प्राण–प्रतिष्ठा के बाद भाजपा राम दर्शन यात्रा के जरिए हर विधानसभा से 2000 और लोकसभा से 5000 राम भक्तों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी। साथ ही यूपी बीजेपी ईकाई के 9000 कार्यकर्ता श्रद्धालुओं के खाने–पीने की व्यवस्था देखेगा। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की यूपी में लगातार चार दिन की बैठकों के बाद ये फैसला लिया गया है। चौथे दिन की बैठक गुरुवार को लखनऊ के चांसलर क्लब में हुई। बैठक में सीएम योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के साथ करीब 12 से अधिक मंत्री शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद चौधरी ने कहा, हम 55 सदस्यीय कमेटी बना रहे हैं जो लोकसभा चुनाव की तैयारी की रिपोर्ट देंगे। उन्होंने कहा, जितनी भी योजनाएं चल रही हैं उनकी समीक्षा की जा रही है। फरवरी महीने में नेशनल लेवल के अभियान चलाए जाएंगे। इनमें दो आयोजनों की जिम्मेदारी यूपी को मिली है। इसमें यूपी में युवा मोर्चा की कानपुर और अनुसूचित मोर्चा की आगरा सम्मेलन कराई जाएगी।

# शेठ एम.एन हाईस्कूल सांस्कृतिक विरासत, पाटन में तीन दिवसीय स्कूल खेल महोत्सव - 2024 का आयोजन

**शेठ एम .एन हाईस्कूल के 900 से अधिक छात्रों ने खेल महोत्सव में भाग लिया**





### गेम्स फेस्टिवल – 2024 के उद्घाटन के लिए मेहमानों ने मशाल जलाई, गैस के गुब्बारे आसमान में छोड़े

### बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल भी अहम भूमिका निभाती हैं – मनसुख भाई पटेल

**ब्यूरो रीपोर्ट**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

12/01/2024 को शेठ एम.एन हाईस्कूल के पटांगण में, उत्तर गुजरात युवक मंडल के माननीय मंत्री श्री मनसुखभाई पटेल, मंडल के उपाध्यक्ष, श्री महेंद्रभाई पटेल, प्रख्यात वकील और नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष, प्रशासनिक अधिकारी मंडल के श्री दिनेशभाई पटेल, रो. डॉ. बाबूभाई प्रजापति, ए-2जेड मोबाइल के चिरागभाई पटेल, अंबिका मोबाइल के मौलिकभाई पटेल, सुलेश्वरी मोबाइल के उमेदभाई पटेल, स्कूल प्रिंसिपल श्री धनराजभाई ठक्कर आदि द्वारा। खेल महोत्सव-2024 का शुभारंभ मसाल जलाकर, मसाल निकालकर और गैस के गुब्बारे आसमान में उड़ाकर किया गया। ोटरियन डॉ बाबूभाई प्रजापति ने विजेता टीमों और प्रतिस्पर्धियों को खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए शील्ड एवं पुरस्कार की घोषणा की गई। ए टू जेड मोबाइल के चिराग भाई पटेल और अंबिका मोबाइल के मौलिक भाई पटेल के सहयोग से खिलाड़ियों को टी-शर्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। सुलेश्वरी मोबाइल उम्मेदभाई पटेल ने इको क्लब के विद्यार्थियों को टी-शर्ट देकर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के खेल उत्सव में कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एथलीट के रूप में भाग लिया... इस खेल उत्सव में इंटर क्रिकेट, रैकेटबॉल, ट्रायथलॉन, लेमन स्पून, म्यूजिक चेयर, सैक रेस, शॉट पुट जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया।स्कूल खेल महोत्सव में कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें इंटर क्रिकेट, रस्साखेच, ट्राई-लेग रेस, नींबू चमच ,म्यूजिक चेयर , रस्साखेंच जैसे खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह के खुशनुमा माहौल में प्रार्थना एवं स्वागत गीत के साथ हुई तथा आमंत्रित अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल से भव्य स्वागत किया गया, तत्पश्चात विद्यालय के पदाधिकारियों द्वारा मसाल जलाकर, मशाल निकालकर एवं बूब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के आमंत्रित अतिथि रोटेरियन दो बाबुभाई प्रजापति ने क्रिकेट मैच में बाबूभाई प्रजापति ने सिक्का उछालकर मैच की शुरुआत की।

आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन में जीवन में खेलों के महत्व, सर्वांगीण विकास के लिए इसके महत्व को संक्षेप में समझाया।

**विद्यार्थी जीवन में खेल क्यों महत्वपूर्ण हो जाते है-** खेल छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षिक लाभ प्रदान करते हैं। वे संज्ञानात्मक कौशल, टीम वर्क को बढ़ावा दे सकते हैं, समस्या-समाधान कौशल में सुधार कर सकते हैं, रणनीतिक सोच को बढ़ावा दे सकते हैं, और खेल अक्सर सीखने को मजेदार बनाते हैं। वे छात्रों की व्यस्तता बढ़ाते हैं और नए ज्ञान को प्रेरित करते हैं। और सद्गुण भी पनपते हैं। गेम्स 2024 के संयोजक नरेशभाई आर पटेल, संजय भाई पटेल और डॉ.अल्पेशभाई पटेल और कार्यक्रम का सफल संचालन श्री वीरमजी ठाकोर साहब ने किया जिन्होंने कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर सफल बनाया।

# सरस्वती तालुका के दिव्यांग बच्चों का तालुका स्तरीय पतंग महोत्सव पुलिस क्वार्टर ग्राउंड में आयोजित हुआ

**ब्यूरो रीपोर्ट**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





**पाटन/गुजरात।** सर्व शिक्षा पाटण प्रेरित बीआरसी सरस्वती द्वारा पुलिस क्वार्टर ग्राउंड में दिव्यांग बच्चों का तालुका स्तरीय पतंग महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सरस्वती तालुका के दिव्यांग विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने उत्तरायण पर्व मनाया। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य श्री पिंकीबेन रावल, जिला सह समन्वयक श्री मधुबेन जादव, पीआई श्री भलाभाई, बीआरसी सह समन्वयक श्री दिलीपभाई आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा बच्चों को त्यौहार के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी दिव्यांग बच्चों को पतंग, फिरकी, चश्मा, चिकी, ममराना लाडू आदि दिए गए तथा कार्यक्रम मनाया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के सफल प्रबंधन में आईईडी टीम द्वारा काफी प्रयास किया गया।

# डॉ प्रमोद शर्मा बने अम्बाह सिविल अस्पताल के जीएमओ

**केशब पंडित जी अम्बाह ...**



**अम्बाह...** अम्बाह के सरकारी अस्पताल में तैनात बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डा.प्रमोद शर्मा इसी अस्पताल में अब बीएमओ के पद पर अब अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। वह अब अम्बाह अस्पताल में ब्लाक मेडिकल ऑफिसर की भूमिका निभाएंगे और यहां अपनी सेवायें आरंभ करेंगे, इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला मुरैना राकेश शर्मा ने आज जारी पत्र में कहा है कि डॉक्टर डी एस यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल अम्बाह को उनके दायित्व से भार मुक्त करते हुए उन्हें सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय मुरैना में सेवाएं देने के लिए निर्देशित किया जाता है जानकारी रहे कि डॉक्टर प्रमोद शर्मा आगामी आदेश तक इस कार्यभार को संभालेंगे

# प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी की योजनाओं का ग्रामीणजन लाभ प्राप्त करें – विधायक नरेंद्र सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा गरीब कल्याणकारी योजनाओं को लेकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंच रही है ,ताकि उन्हें भारत सरकार की विभिन्न विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके इसी के तहत भिण्ड विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड सगरा,लहरौली जमेह पहुंचें जहां भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने शामिल होकर लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।श्री कुशवाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही हैं उनके नेतृत्व में विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी सरकार के नए भारत के विभाजन का दर्शन है आप सभी लोग पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने।विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आलमपुर में आयोजित शहर वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि,प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत कार्ड योजना, निशुल्क महिलाओं के लिए गैस योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना ऐसी अनेकों योजनाएं जिसका लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति लेकर आत्मनिर्भर बन रहा है उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत 5000 तक का निशुल्क इलाज लोगों का किया जा रहा है अब इसकी निपट भारत सरकार द्वारा 10 लाख की जा रही है हमारी सरकार गरीबों के हित में अनेकों योजनाएं बनाकर उनको नीचे तक पहुंचाने का कम विकसित भारत यात्रा के माध्यम से किया जा रहा है आप सभी लोग पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त करें।त्रविकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्राम पंचायत के ग्रामीण जनों को पात्र हितग्राहियों ने सरकारी स्तर पर लगाए गए जन समस्या निवारण से भर में भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की योजना का लाभ लेने के लिए अपने-अपने आवेदन दिए और उनका तत्काल निराकरण करते हुए लाभित लोग हुए। सभी विभागों के अधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे और मोदी की गारंटी की गा?ी पर आकर सभी ने उनके वर्चुअल उद्बोधन को भी सुना। इस अवसर पर पूर्व सरपंच जीतूसिंह राजावत, योगेन्द्रसिंह, ब ृ ज म ो ह न ि स ं ह , विशंभरसिंह,बालगोविंदसिंह,जहारसिंह,राधे पचैरी, जागेश्वर, जागेन्दर, तहसीलदारसिंह,रोमेन्द्रसिंह,मोहरसिंह ,मोहरसिंह,नरसिंह,अजयसिंह,गरीबेंस ं ह , ब ृ जे न्द्र सि ं ह , ग ं भी र पचैरी,सत्तेसिंह,पप्पूसिंह,रामूसिंह,नहरेसिंह,शिशुपालसिंह,विनोदसिंह,शोभा सिंह,रामबहादुरसिंह,ध्रुवसिंह एवं ग्राम पंचायत के समस्त जन प्रतिनिधि सरपंच काफी संख्या में मौजूद थे।

# अवैध रेत परिवहन पर बडी कार्यवाही चार ट्रेक्टर मय रेत से भरी ट्रोली के पकडे गये

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशानुसार,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी लहार अनुभाग रवीन्द्र बिलवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब,अवैध रेत परिवहन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में लहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली।दिनाँक 13/01/2024 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम पविच के लोग अवैध रेत उत्खनन कर परिवहन कर रहे है,सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर्यायच घाट के रास्ते पर पहुंचे जहाँ पर चार ट्रेक्टर मय रेत से भरी 04 ट्रॉलियों के परिवहन करते मिले। जिन्हें फोर्स की मदद से घेर कर पकडे और पकडे गये ट्रेक्टर (1) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रेक्टर 265 डीआई मय रेत से भरी ट्रॉली जिसका चेसिस



नं.एमबीएनएएएसीएएलएलआरजी 01267, इंजन नं.आरएलजी 2 बीएएन 2355 लिखा था, (2) नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर 744 एक्स टी मय रेत से भरी ट्रॉली जिसका चेसिस नं.एमबीएनबीयू 53 एएएनसीए 11800, इंजन नं. ईजे 4001/5 ईए 02304 लिखा था, (3) लाल रंग का महिन्द्रा ट्रेक्टर 575 डीआई मय अवैध रेत से भरी ट्रॉली जिसका च े ि स स एमबीएनएएएलएक्सटीजेजेएम 01045 लिखा था (4) नीले रंग का स्वराज ट्रेक्टर मय अवैध रेत से भरी ट्रॉली जिसका चेसिस नं. एमबीएचएके 49 एडीकेटीएन 28805, इंजन नं. सीजे 1353/एसएएन 15387 लिखा था। ट्रेक्टर चालकों से रेत की रायल्टी संबंधी कागजात चाहे जो नही होना बताये बाद आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया एवं अवैध रेत से भरे ट्रेक्टर व ट्रॉलियों को मौके पर जब्त किया गया। बाद वापसी पर उक्त सभी ट्रेक्टर चालको व वाहन मालिकों के विरूद्ध अवैध रेत परिवहन की धारा 379,414 भादवि मे कार्यवाही की गयी।उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक परमानंद शर्मा,उपनिरीक्षक भैयालाल सनोरिया, एएसआई उदय सिंह,प्रधान आरक्षक राजेन्द्र, सुनील शर्मा,आरक्षक जयकुमार, विशाल मिश्रा,अरविंद सिंह भदौरिया, रविकांत शर्मा,मनीष जादौन,सुशील शर्मा,अमित पटेल,आरक्षक चालक धर्मेन्द्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# कलेक्टर एवं एसपी ने चित्रकूट और पटनाकला का किया निरीक्षण



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना /प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 16 जनवरी को चित्रकूट के प्रस्तावित भ्रमण के दृष्टिगत कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अधिकारियों के साथ प्रस्तावित कार्यक्रम स्थलों का भ्रमण कर तैयारियो के संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, अपर कलेक्टर ऋषि पवार, एसडीएम जितेंद्र वर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री वर्मा ने पुलिस अधीक्षक श्री गुप्ता एवं अधिकारियों के साथ मझगवां विकासखंड के ग्राम पटना कला हाईस्कूल के बगल के मैदान में 16 जनवरी को प्रस्तावित विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन स्थल और हेलीपैड का निरीक्षण किया। बाद में उन्होंने चित्रकूट पहुंचकर उद्यमिता परिसर, विवेकानंद सभागार तथा हेलीपैड का निरीक्षण किया। उन्होंने चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के रजत जयंती भवन के सभागार की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

**अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रदेश में होंगे विभिन्न आयोजन**

# मंदिरों में राम कीर्तन, दीप प्रज्जवलन और प्रत्येक घर में दीपोत्सव प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स को निर्देश जारी

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टरों को जारी किये हैं। आदेश में 16 से 22 जनवरी तक के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। स्थानीय निकायों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ-यात्रियों के सम्मान/स्वागत की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जायेंगी। प्रदेश के प्रत्येक मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन का आयोजन कराया जायेगा। समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जायेगा। प्रदेश के नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन किया जायेगा।प्रदेश के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही. स्क्रीन लगाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। मंदिरों के आयोजन में आमजन की सहभागिता के लिये विशेष रूप से आमंत्रण दिये जायेंगे, आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जायेंगे। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के माध्यम से स्वच्छता, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन भी किये जायेंगे।सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गाँव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जायेगी। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समस्त शासकीय कार्यालयों में 21 से 26 जनवरी तक रोशनी की जायेगी।संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामचरित लीला समारोह 21 जनवरी, 2024 तक रतलाम, मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खण्डवा, आगर-मालवा, देवास, सीहोर, छिंदवाड़ा, जबलपुर, अनूपपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, रीवा एवं दमोह में आयोजित किये जायेंगे।प्रदेश के जिलों में विभिन्न विभागों को कार्यक्रम कराये जाने संबंधी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। अलग-अलग स्थानों पर जन-अभियान परिषद के सहयोग से 22 जनवरी तक प्रभात-फेरी एवं कलश-यात्रा, 22 जनवरी को मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था, 22 जनवरी तक प्रदेश के 28 पवित्र स्थलों पर श्रीरामचरित लीला समारोह के साथ चित्रकूट एवं ओरछा में विशिष्ट गतिविधियों का आयोजन, स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं के सहयोग से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, शिल्प, रांगोली आदि के साथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा साप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें गायन, कथा-वाचन, रामरक्षा स्रोत, रामचरित मानस पाठ आदि पर प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और विकसित भारतञ्च2047 राष्ट्रीय संगोष्ठी में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का विशेष व्याख्यानहमारे देश के उत्पन्न प्रश्नों के समाधान के लिये ग्रामोदय विश्वविद्यालय की हुई स्थापना नाना जी की संकल्पना के अनुरूप है ग्रामोदय विश्वविद्यालय की कार्यशैलीअपने देश की शिक्षा नीति के अनुसार ग्रामोदय काम करें, आवश्यकताओं और संसाधनों के लिए सरकार काम करेगी

*उच्च शिक्षा मंत्री ने नाना जी देशमुख की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि-सतना मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि प्रख्यात समाज शिल्पी भारत रत्न नानाजी देशमुख ने वर्ष 1991 में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना केवल डिग्री डिप्लोमा बांटने के काम में लगे सामान्य विश्वविद्यालय के विकल्प के रूप में हमारे देश के प्रश्नों के समाधान खोजने के लिए किया था। यह विश्वविद्यालय अपने गौरवशाली उद्देश्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारे देश की अपनी शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य और उद्देश्य को क्रियान्वित करने में यह विश्वविद्यालय सक्रियता के साथ अपना संपूर्ण योगदान देता रहेगा। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने इस आशय के विचार आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सीएमसीएलडीपी सभागार में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं विकसित भारतञ्च2047 विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद अपनी शिक्षा नीति पर काम होना चाहिए था, तत्समय संभव नहीं हो सका। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का यथार्थ स्वरूप विकसित भारत 2047 के रूप में पूर्णता के साथ परिलक्षित होगा। श्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदप्रयासों लक्ष्य भेदी कार्य योजना के अनुरूप मध्य प्रदेश सरकार भी काम कर रही है। इसका लाभ हमारे देश और प्रदेश को मिल रहा है। आज हमारा देश खाद्यान्न सहित अनेक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो गया है। वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में अपनाई जा रही सौर ऊर्जा अब भारत सहित अनेक देशों को ऊर्जा प्रदान करने में भी सफल होगी। उन्होंने सामाज उपयोगी विभिन्न आयामों में शोध करने पर जोर भी दिया। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग भारत रत्न नानाजी देशमुख की संकल्पना, कार्यशैली एवं उनके आदर्शों के अनुरूप ग्रामोदय विश्वविद्यालय मे अध्ययन, अध्यापन, शोध, प्रसार और समाजोपयोगी काम को पूर्ण मनोयोग से करते रहें। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा से हुई चर्चा,अपेक्षित आवश्यकताओं और संसाधनों की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपनी समस्याओं, संभावनाओं और आवश्यकताओं को संकलित कर उन्हें उपलब्ध कराये। वे इसकी पूर्ति के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। संगोष्ठी का प्रारंभ उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने विद्यादायिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने फूलमालाओं एवं बुके से उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। छात्रा अंजली सिंह उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार का स्वनिर्मित आकर्षक चित्र तैयार कर भेंट किया। कुलपति प्रोफेसर भरत मिश्रा ने ग्रामोदय परिवार की ओर से शाल श्रीफल और चित्रकूट के आराध्य कामदगिरि का चित्र भी भेंट किया।

कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने अपने स्वागत उद्बोधन में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की अकादमिक, प्रशासनिक, शोध, प्रसार आदि गतिविधियो केंद्रित जानकारी प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विकास का खाका खींचा और बताया कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अपने विशिष्ट अधिनियम में प्रावधानित व्यवस्था के अनुसार पूरे प्रदेश में सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास के पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। रेगुलर और दूरवर्ती दोनों माध्यमों के पाठ्यक्रमों संचालित हो रहे हैं। इस वर्ष ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 70 हजार से अधिक विद्यार्थी पंजीकृत हैं। गुणवत्ता पूर्ण अध्ययन, अध्यापन, समय से प्रवेश, परीक्षा, मूल्यांकन और परिणाम इस विश्व विद्यालय की प्रमुख विशेषता है। एक्शन रिसर्च और सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम नवाचार के तौर पर संचालित है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक प्रो अमरजीत सिंह, सह संयोजक प्रो आईपी त्रिपाठी रहे।

# राज्यमंत्री ने मेडीकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना 1नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को मेडीकल कॉलेज सतना का निरीक्षण किया। उन्होने कॉलेज के विभिन्न ब्लाक का भ्रमण करते हुये अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मेडीकल की पड़ाई के संबंध में चर्चा कर कोर्स की गतिविधियों कें बारे में जानकारी ली। राज्यमंत्री ने मेडीकल कॉलेज प्रबंधन से कहा कि कॉलेज संचालन के लिये जिन भी आवश्यक संसाधन की कमी है, उसकी जानकारी उपलब्ध करायें। संसाधनों की पूर्ति के लिये शासन स्तर से मंजूरी दिलाने का काम किया जायेगा। मेडीकल कॉलेज पहुंचकर राज्यमंत्री ने वहां के स्टाफ एवं स्टुडेंट्स से उनकी समस्यायें जानी और निराकरण का आश्वासन दिया।

# राज्यमंत्री ने आमजनों के आवेदनों पर की सुनवाई

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने शनिवार को सतना प्रवास के दौरान सर्किट हाउस सतना में विभिन्न क्षेत्रों से आये आम नागरिकों के आवेदनों पर जनसनुवाई की। राज्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होने मौके पर मौजूद अधिकारियों को भी समस्याओं का तत्काल निस्तारण कर आम जन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

# कृति सेनन को याद आए 10 साल पुराने दिन, गुंटूर कारम एक्टर Mahesh Babu की फोटो शेयर कर बताई बड़ी बात



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू (Mahesh Babu) इन दिनों फिल्म गुंटूर कारम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म की रिलीज में ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। ऐसे में महेश बाबू ने जमकर इसका प्रमोशन करना शुरू कर दिया है। गुंटूर कारम के अलावा एक्टर किसी और वजह से भी लाइमलाइट में हैं। यह वजह हैं कृति सेनन।

**सुर्खियों में कृति सेनन-महेश बाबू**

कृति सेनन को फिल्म इंडस्ट्री में काफी साल बीत चुके हैं। कम समय में लोगों के बीच अपनी पहचान बना पाने में वह कामयाब रही हैं। 2023 में उन्हें मिमी फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। उनके खाते में कई और उपलब्धियां हैं, जिसकी वजह से वह सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। कृति, शाहिद कपूर के साथ फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में नजर आएंगी। इस फिल्म को लेकर वह चर्चा में हैं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर महेश बाबू के साथ उनकी एक फोटो वायरल हो रही है। इसके साथ ही एक फोटो कृति ने महेश और उनकी पत्नी नमृता शिरोडकर के साथ भी शेयर की।



**कृति सेनन वर्कफ्रंट**

साल 2023 कृति सेनन के लिए प्रोफेशनल फ्रंट पर अच्छा नहीं रहा। एक्ट्रेस की दो फिल्में आदिपुरुष और गणपत रिलीज हुईं और दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर पिट गईं। हालांकि, एक्ट्रेस की झोली में कई और बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के अलावा कृति, करीना कपूर और तब्बू के साथ द क्रू रिलीज होगी। इसके अलावा उनके पास दो पत्ती भी है। इस मूवी से कृति बतौर प्रोड्यूसर डेब्यू करेंगी।

## राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे... प्राण प्रतिष्ठा से पहले मनोज तिवारी का नया गाना रिलीज, हो रहा वायरल



अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को महज 10 दिन बचे हैं. इसे लेकर देशवासियों के बीच खुशी की लहर है और सभी इस खास मौके का हिस्सा बनना चाहते हैं. इस मौके पर भाजपा सांसद और सिंगर-एक्टर मनोज तिवारी का भगवान राम को समर्पित एक गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज किया गया है. यह गाना भगवान राम के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है और वे इस पर खूब गौरवान्वित भी हैं. मनोज तिवारी ने ये गीत शीतल पांडे और अमित दुल के साथ मिलकर गाया है. गाना सोशल मीडिया पर आते ही छा गया है और वायरल हो रहा है. भक्ति भाव का ये गाना दुल एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है. इस गाने को लेकर मनोज तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि यह सच है कि हम सभी राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे. हमें इस पर गर्व है. हम इस बात से भी गौरवान्वित हैं कि सनातन धर्म और रामचरितमानस की परम्परा से आते हैं. यह हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्ध विरासत है जिसको अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर आकार देने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है. भगवान राम की महिमा अलौकिक है और उनके आगमन से पूरा देश हर्षित है. ऐसे में हमारा यह गाना सभी राम भक्तों के लिए है. उम्मीद है सबों को यह पसंद आएगी.

काफी वक्त बाद मनोज तिवारी का ये गाना आया है. मनोज के चाहनेवाले आज भी हैं और बॉलीवुड इंडस्ट्री तक उनकी आवाज का इस्तेमाल किया जा चुका है. मनोज तिवारी उन कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने भोजपुरी सिनेमा की नींव रखी थी. उनका कोई भी गाना आए तो उसे बहुत पसंद भी किया जाता है. गाने की बात करें तो इसके गीतकार भी अमित दुल हैं. जबकि गाने का संगीत आर के रूद्र ने दिया है. इसके अलावा जीत घनघस द्वारा मनोज तिवारी के इस वीडियो का निर्देशन हुआ है.

## 'इतना बड़ा नाम कौन रखता है...' शाहिद कपूर-कृति सेनन की रोमांटिक ड्रामा का टाइटल रिवील होते ही यूजर्स ने ट्रोल कर दिया

शाहिद कपूर लंबे वक्त बाद कोई फिल्म लेकर आ रहे हैं. हाल ही में उन्होंने कृति सेनन संग अपनी अपकमिंग फिल्म का टाइटल रिवील कर फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है. इस मच अवेटेड फिल्म की पहली झलक भी सामने आई है, जिसे देखकर फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर है. लेकिन, दूसरी ओर कई लोग इसका नाम सुनने के बाद इसे ट्रोल भी कर रहे हैं. बता दें कि मेकर्स ने वैलेनटाइन वीक पर फिल्म रिलीज करने का फैसला लिया है.शाहिद कपूर और कृति ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने इस फिल्म को लेकर अपडेट दिया है. शाहिद ने पोस्टर के साथ बताया है कि फिल्म का टाइटल 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया'. ये फिल्म इसी साल वैलेनटाइन वीक में 9 फरवरी को थियेटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. फिलहाल, मेकर्स ने फिल्म से शाहिद और कृति की एक झलक शेयर



की है. जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं.

**दर्शकों को पसंद आएगी रोमांटिक ड्रामा**

मैडॉक के बैनर तले बनी शाहिद और कृति की रोमांटिक ड्रामा से उम्मीद है कि ये लोगों का मनोरंजन करने में कामयाब होगी. ये पहली बार है जब शाहिद के साथ कृति स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी. दोनों ही बॉलीवुड के पसंदीदा सितारे हैं जिनकी फिल्मों का फैंस को इंतजार रहता है. सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर वायरल हो रहा है. इसपर यूजर्स के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं. एक यूजर ने लिखा, 'इतना बड़ा नाम कौन रखता है भाई'. वहीं, एक अन्य ने लिखा, 'मुझे तो लगा कोई गाना है', एक और यूजर बोला- 'एक सेकेंड के लिए, मैं कन्फ्यूज हो गया.' ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि ये नई जोड़ी फैंस का एंटरटेनमेंट करने में सफल होती है या नहीं?

## Ranveer Singh ने दोस्त की शादी में जमाई महफिल, चुन्नी मेरी रंग दे लालारिया गाने पर किया मजेदार डांस



एक्टर रणवीर सिंह (Ranveer Singh) को इंडस्ट्री का हाई एनर्जी एक्टर कहा जाता है। रणवीर की एनर्जी कमाल की है वह हमेशा उत्साह से भरपूर रहते हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक्टर का एक डांस वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी दोस्त संग पंजाबी गाने चुन्नी मेरी रंग दे लालारिया पर झूमते नजर आ रहे हैं।

**रणवीर सिंह का डांस**

रणवीर सिंह ने हाल ही में मुंबई में अपनी दोस्त करिश्मा करमचंदानी की शादी अटेंड की थी, जिसमें अर्जुन कपूर, मलाइका अरोड़ा, सोनम कपूर समेत कई सेलेब्स नजर आए थे। वहीं अब इस शादी के एक वीडियो सामने आया है, जिसमें रणवीर सिंह अपनी दोस्त के साथ करण औजला के ट्रेंडिंग गाने चुन्नी मेरी रंग दे लालारिया पर थिरकते नजर आ रहे हैं।

**रणवीर सिंह का लुक**

इस मौके पर एक्टर ऑल ब्लैक लुक में नजर आए। उन्होंने ब्लैक कलर का बंदगला सूट पहना था। इस लुक के साथ उन्होंने ब्लैक हाई हील जूते कैरी किए हुए थे, जिसमें काफी हैंडसम लग रहे थे। बता दें, रणवीर सिंह की खास करिश्मा करमचंदानी ने 5 जनवरी, 2024 को अपने सपनों के राजकुमार से शादी रचाई है।

**एक्टर की आने वाली फिल्म**

रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्म डॉन 3 को लेकर चर्चा में है। इस फिल्म की घोषणा के बाद फैंस डॉन 3 ( Don 3 ) के लिए काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इसके अलावा रणवीर के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा, सिंघम 3 और शंकर की फिल्म 'अपरिचित' का हिंदी रीमेक भी है।

### स्वस्थ शरीर में ही निवास करता है स्वस्थ मस्तिष्कः शेजवलकर

# जिले में एक लाख से अधिक युवाओं ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है। मनुष्य के पास जो मूल संपत्ति है, वह मन है। इसीलिए कहते हैं, मन के जीते जीत, मन के हारे हार। तो मन को स्वस्थ रखना है, तो तन को भी स्वस्थ रखना ही होगा और तन को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है योग, उपरोक्त उदगार श्री विवेक शेजवलकर ने शासकीय उमावि पटेल सीएम राइस में जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत पार्षद वार्ड 12 , तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री दीपक सिंह आयुक्त ग्वालियर संभाग, अक्षय कुमार सिंह कलेक्टर ग्वालियर, राजेश सिंह चंदेल एसपी ग्वालियर, नरेश गुप्ता एसडीएम ग्वालियर, दीपक पांडे संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग ग्वालियर , अजय कटियार डीईओ, श्री रविंद्र सिंह तोमर डीपीसी , दिनेश चाकणकर जिला योग प्रभारी, श्रीमती मंजू सिंह विकासखंड शिक्षा अधिकारी,श्री आरके सिंह जिला क्रीड़ा अधिकारी , पुष्पेंद्र शर्मा अध्यक्ष जिला योग समिति, सुशील बरुआ, संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद , जय दयाल शर्मा जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ग्वालियर , प्राचार्य जितेंद्र सिंह भदोरिया, उप प्राचार्य डॉ सरिता तोमर, प्रधानाध्यापक राजेश भार्गव, सहित सभी शिक्षक और लगभग 300 छात्र छात्राएं अनुशासित ढंग से सूर्य नमस्कार में सम्मिलित हुए कार्यक्रम के प्रारम्भ मे कलेक्टर अक्षय प्रताप सिंह ने छात्र छात्राओं से बात करते हुए सीएम राइज पटेल स्कूल में उनके अनुभवों पर चर्चा की सभी छात्रों ने अपने बीच कलेक्टर साहब को पाकर खुशी से बात चीत की अंत में सभी को स्वल्पाहार वितरित किया गया तथा मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव का भोपाल से प्रसारित संदेश सभी के द्वारा सुना गया तथा सभी छात्रों एवं अतिथियों द्वारा सूर्य नमस्कार एवं योग प्राणायाम सामुहिक रुप से किया गया।



# अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा एवम राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा हुआ भव्य बाइक रैली का आयोजन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा राष्टीय युवा दिवस एवम श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया, यह रैली स्वामी विवेकानंद एवम श्री राम के आदर्शों को सैकड़ों युवाओं तक पहुंचाने में सफल हुई, 120+ युवा बाइको से फूलबाग चौराहा से इंदरगंज,दौलतगंज ,बाड़ा,सराफा,नई सड़क से होते हुए माधव महाविद्यालय पहुंचे जहां उनका पुष्प वर्षा करकर युवाओं ने स्वागत किया, माधव महाविद्यालय के सभागार में प्रेरणादायक कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि प्रांत सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच श्री राकेश जी शर्मा ,कार्यक्रम अध्यक्ष सह कार्यवाह आर एस एस श्री नवनीत जी शर्मा,मुख्य वक्ता विभाग संयोजक स्वदेशी जागरण मंच श्री सत्येंद्र दुबे जी थे,कार्यक्रम का संचालन श्री देवेश थापक जी प्राचार्य माधव महाविद्यालय श्रीमती नीति पांडे जी एवम विशिष्ट अतिथि ने किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने विस्तार से स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला आपने बताया स्वामी जी 100 ऊर्जावान युवाओं को चाहते थे जो देश को विश्व गुरु बना सके,कार्यक्रम में स्वावलंबी भारत अभियान की भूमिका श्री सत्येंद्र दुबे जी ने रखी एवम श्री नवनीत जी ने राम मंदिर में राम लला प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ हरेंद्र शर्मा ,संजू जी पचौरी ,दिवाकर जी पचौरी ,सौरभ जी शर्मा ,विवेकानंद त्रिवेदी ,रविकांत त्रिवेदी, नरेंद्र व्यास, शिवम दीक्षित ,रोहित कश्यप, अमित मिश्रा, अभिषेक शर्मा, गुलशन सिंह, दिवाकर जी ,सुनील जी,लोकेंद्र जी,विवेकानंद जी,शिवम जी,संदीप जी,दीपक जी, अभियान के पूर्णकालिक विष्णु शर्मा आदि उपस्थित रहे।




# मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी 2024 अंतिम तिथि 24 जनवरी की गई

उस्ताद अलाउद्दीन खाँ
संगीत एवं कला अकादमी

भोपाल। उस्ताद अलाउददीन खां संगीत एवं कला अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी 2024 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के इस पुरस्कारों के लिये कलाकृतियां आमंत्रित की जा रही है। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार होगी। प्रदर्शनी में तीन कलाकृतियां मान्य की जायेगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। कलाकृतियां उस्ताद अलाउददीय खां संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग बाणगंगा भोपाल एवं ललित कला अकादमी, जबलपुर / ग्वालियर / इंदौर में 24 जनवरी तक अंतित रूप से सायंकाल 5 बजे तक जमा होगी। इसके पश्चात प्राप्त होने वाली कलाकृतियां स्वीकार नहीं की जायेगी। अकादमी की वेबसाइट एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड आवेदन विवरणिका की फोटो प्रतियां भी प्रवेश पत्र के रूप में स्वीकार की जायेगी।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी को मिला 20 बर्ष कारावास एवं 20 हजार रुपये जुर्माने की मिली सजा

**अपर लोक अभियोजक शिवकुमार त्रिपाठी की दलीलों पर बिशेष न्यायाधीश राकेश बंसल ने सुनाई सजा**

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

*दबोह- शनिवार अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष की दलीलों पर पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 20 बर्ष का काराबास एवम 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया।अपर लोक अभियोजक शिवकुमार त्रिपाठी द्वारा घटना के बारे में बताया गया कि पी?ता के पिता ने दबोह थाना पहुँचकर आबेदन दिया कि मेरी ल?की एवम उसकी सहेली स्कूल में प?ने गयी थी तभी आरोपी भारत सिंह कौरव दोनों ल?कियों को अलग कमरे में ले गया और उनके साथ गलत हरकत की जिसकी सूचना तुरन्त दबोह थाने में दी गयी।जिसपर दबोह थाना प्रभारी द्वारा अपराध क्र.46/2019 के तहत बलात्कार की धाराओं में अपराध दर्ज कर मामला बिबेचना में लिया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।जिसमें शनिवार अपर लोक अभियोजक की दलीलों पर गवाह एवम सबूतों के आधार पर बिशेष न्यायाधीश राकेश बंसल महोदय ने आरोपियों को आजीवन कारावास एवम 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया एवम जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपियों से छः माह का अतिरिक्त कारवास भुगताया जायेगा।*

# अयोध्या के शहीद कार सेवक दिनेश कुशवाह की माताजी का निधन



ग्वालियर। 1990 में अयोध्या में कारसेवा नहीं होने की झूठी खबर सुनकर आत्मदाह करने वाले कारसेवक रामभक्त कांतीनगर निवासी स्व दिनेश कुशवाह की माताजी खम्बो बाई बीते शुक्रवार को निधन हो गया। वह 104 वर्ष की थी और राम मंदिर के निर्माण को लेकर बेहद खुश थी। स्व खम्बोबाई को उनके वरिष्ठ बेटे रमेश कुशवाह ने मुखाग्नि दी। बजरंग दल के पूर्व संभागीय संयोजक कांती नगर निवासी एडवोकेट पूरन सिंह भदौरिया ने बताया कि शहीद दिनेश कुशवाह जो आरएसएस के स्वयंसेवक थे और रामभक्त भी थे ने संघ का शिक्षा वर्ग से लेकर सक्रिय रूप से अपनी भूमिका राम मंदिर के आंदोलन में निभाई थी। ज्ञातव्य है कि 1990 में राममंदिर में कारसेवा नहीं हो सकी को लेकर एक झूठी खबर के बाद दिनेश कुशवाह ने आत्महत्या कर ली थी

# दतिया पुलिस की सायबर सेल ने तीन माह मे खोजे 10 लाख रूपये कीमत के 54 मोबाईल इसे कहते हैं पुलिस पुलिस पुलिस कहां जाओगे बचकर मोबाइल चोरों

**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

**मोबाईल वापस मिलने पर मोबाईल मालिकों के चेहरे पर लौटी मुस्कान**

पुलिस अधीक्षक कार्यालय दतिया में मोबाईल गुम होने सबंधी आवेदन लगातार प्राप्त हो रहे थे। दतिया पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कर उन्हें ट्रेस करने हेतु अति. पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शिवहरे को निर्देशित किया। अति. पुलिस अधीक्षक द्वारा दतिया सायबर सेल टीम को गुम हुये मोबाईलो को ट्रेस कर शीघ्र बरामद करने हेतु लगाया गया।वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशो के परिपालन में उपनिरीक्षक नंदनी शर्मा द्वारा मोबाईल गुम होने सबंधी प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विभिन्न कमनियों के मोबाईलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। सायबर सेल की टीम ने माह सितम्बर से जनवरी 2024 में लगभग 10 लाख रूपये कीमत के 54 मोबाईल बरामद किये जो कि वनप्लस रेडमी, रियलमी, वीवो, ओप्पो, एमआई, सैमसंग, ऑनर आदि कंपनियों के है। जिनको आज दिनाँक 13.01.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सेल आयोजित काफेन्स में दतिया




पुलिस के अधिकारियों व सायबर की टीम द्वारा मोबाईल मालिकों को सुपुर्द किया गया। बरामद किये गये उक्त नोबाईल धारकों में कुछ ऐसे लोग ऐसे थे जो मोबाईल गुमने के समय से नया मोबाईल नहीं खरीद पाये एवं कुछ लोगों ने मोबाईल श्वस्छ्ठ पर खरीदा था। मोबाईल मिलने पर राहुल गुप्ता ने बताया कि काम से घर लौटते समय मोबाईल गुम हो गया




था जो आज सायबर सेल की मदद से वापस मिला है। सभी मोबाईल धारको द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं सायबर सेल की टीम को धन्यबाद ज्ञापित किया गया पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया द्वारा सायबर सेल की टीम को उक्त सराहनीय कार्य हेतु उचित पुरुस्कार से प्रस्कृत करने की घोषणा की है। मेहनत एवं लगन से उक्त मोबाइलों की रिकवरी में उनि नंदनी शर्मा,आर. शुभम यादव, आर.वीरेन्द्र ओझा, आर प्रशांत शर्मा, आर. राहुल दांगी, आर. विवेक दुबे का सराहनीय योगदान रहा।दतिया पुलिस सदैव आपके साथ

## राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के साथ अभिलेख भी दुरुस्त करें: कलेक्टर

**ग्वालियर।** राजस्व महाभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करें और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को भी प्रमुखता से दुरुस्त कराएँ। यह निर्देश कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने राजस्व महाभियान को मूर्तरूप देने के सिलसिले में आयोजित हुई बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को दिए। ज्ञात हो सम्पूर्ण प्रदेश के साथ ग्वालियर जिले में भी राजस्व महाअभियान 15 जनवरी से शुरू होकर 29 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर सिंह ने अभियान की सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के संबंध में विस्तृत निर्देश जिले के सभी राजस्व अधिकारियों के बैठक में दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है। राजस्व रिकॉर्ड के वाचन के लिये पटवारी पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गाँव में खसरा, बी-1 का वाचन करेंगे। साथ ही समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, नक्शे में तरमीम किया जाना इत्यादि गतिविधियाँ भी होंगीं। राजस्व महाअभियान में समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग के लिये समग्र वेब पोर्टल एमपी ऑनलाइन/सीएसई के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवाईसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराने के लिये नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये लोकसेवा केन्द्र के अतिरिक्त अब एमपी ऑनलाइन और सीएसई के कियोस्क के माध्यम से भी आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराये जा सकेंगे।

# सतना जिले को वर्ष 2024 में स्वच्छता में नंबर वन बनाने का काम करें- राज्यमंत्री



**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

**पंचायत राज ग्रामीण क्षेत्रों के विकास का सबसे सशक्त माध्यम**

**जिले की 6 ग्राम पंचायतों को प्रदत्त कचरा गाड़ियों को दिखाई झंडी**

सतना प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में वर्तमान की सबसे बड़ी जरूरत और दिनचर्या का महत्वपूर्ण घटक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में चलाए गए स्वच्छता मिशन के आंदोलन से समाज और देशवासियों के मन में स्वच्छता के प्रति मानसिकता और व्यवहार परिवर्तन हुआ है। स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश पूरे देश में दूसरे स्थान पर और इंदौर शहर लगातार सातवीं बार नंबर वन स्वच्छ शहर और भोपाल शहर पांचवें स्थान पर रहा है। सतना जिले को ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता के मामले में नंबर वन जिला बनाने का प्रयास करें। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी शनिवार को सतना कलेक्ट्रेट परिसर में जिला पंचायत द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत जिले की 6 ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण गाड़ियों के वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद गणेश सिंह ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार, जिला पंचायत सदस्य सुभाषचंद्र बुनकर, कलेक्टर अनुराग वर्मा, सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े, जिला पंचायत के अधिकारी एवं पंचायत के सरपंच, सचिव भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ पंकज सिंह परिहार ने किया। राज्यमंत्री और सांसद ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रशासन की सबसे मजबूत और मैदानी इकाई ग्राम पंचायत है। सतना जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की भांति कचरा गाड़ियों से कचरा संग्रहण कार्य में अच्छी मुहिम की शुरुआत हुई है। कचरा प्रबंधन और उसके पुर्नउपयोग के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा भी प्रयास किए जाने चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि पंचायती राज ग्रामीण क्षेत्रों के



विकास का सबसे बड़ा और सशक्त माध्यम है। स्वच्छ भारत मिशन को ग्रामीण क्षेत्रों में अमलीजामा पहनाने जिला पंचायत सतना द्वारा किया गया नवाचार अनुकरणीय और सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी जनकल्याण की योजनाओं से एक नया भारत और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होने जा रहा है। स्वच्छता हमारा सर्वोच्च मिशन है। इसे सफल बनाने के हर स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायतों को दिए गए कचरा वाहन व्यवस्थित रूप से संचालित रहें, इसकी भी कार्य योजना बनानी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने कहा कि जिला पंचायत के महत्वपूर्ण निर्णय के तहत प्रथम चरण में 15वें वित्त आयोग की राशि से 10 ग्राम पंचायतों को प्रथम चरण में कचरा वाहन दिए जा रहे हैं। जिला पंचायत का प्रयास होगा कि जिले की अन्य बड़ी ग्राम पंचायतों में भी यह वाहन उपलब्ध कराए जाएं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत 10 ग्राम पंचायतों को कचरा वाहन दिए जा रहे हैं। जिनमें आज 6 ग्राम पंचायत अमरपाटन विकासखंड की ककलपुर, पगरा, झरिया कोपरिहान, मुकुंदपुर, त्योंधरी, पैपखरा और सोहावल विकासखंड की रैगांव ग्राम पंचायत को वाहन दिए जा रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों को इस अभियान में सहयोग देकर सफल बनाएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के निर्णय अनुसार शहरी क्षेत्रों की तरह ग्राम पंचायतों में भी कचरा संग्रहण केंद्र और कचरा संग्रहण वाहन चलाने के नवाचार के तहत 6 ग्राम पंचायतों को वाहन 15वें वित्त आयोग की राशि से दिए जा रहे हैं। कुल 10 लाख रुपए लागत के कचरा वाहन में 5 लाख जिला पंचायत की 15वें वित्त मद से तथा 5 लाख की अंशदान ग्राम पंचायत द्वारा दिया गया है। सभी ग्राम पंचायतें ओडीएफ प्लस घोषित हैं। आईईसी और व्यवहार परिवर्तन की गतिविधियां पंचायतों में जारी हैं। ग्राम पंचायतों को कहा गया है कि इन वाहनों का संचालन स्व-सहायता समूह के माध्यम से करें तथा चालक, ईंधन और वाहनों के कचरा संग्रहण केंद्र तक लाने-ले जाने की व्यवस्था स्वयं के स्त्रोत अथवा स्वच्छता कर संग्रहण के माध्यम से करेंगे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478